फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 30, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 25 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



## मेघालय मांगे, बीजेपी सरकार: मोदी

### विपक्ष कहे- मोदी तेरी क्रब खुदेगी और जनता कहे 'मोदी तेरा कमल खिलेगा'

**शिलांग:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए चुनावी नारा दिया मेघालय मांगे, बीजेपी सरकार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करने से पूर्व रोड शो भी किया। उन्होंने चुनावी सभा में कहा कि राज्य में केन्द्र की तरह ही परिवारवाद हावी रहा है, जिसके चलते विकास यहां से कोसों दूर रहा है। परिवारवादियों ने राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया है। इसके चलते यहां सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधायें लोगों तक नहीं पहुंच पायी हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की निराशा पर तंज कसा और कहा कि जिन्हें देश ने नकार दिया है, ह्यवे कह रहे हैं कि मोदी तेरी क्रब खुदेगी। वहीं ऐसे लोगों को नकारते हुए देश की जनता कह रही है मोदी तेरा कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद मेघालय सहित समूचे पूर्वोत्तर की परिस्थितियों में बदलाव आया है। पहले जहां परिवारवादी छोटे-छोटे मुद्दों में राज्य की जनता को उलझाए रखते थे, अब पूर्वोत्तर में कमल खिलने के साथ ही बदलाव होना शुरू हो गया है। इसी का परिणाम है कि राज्य देश की एक्ट इस्ट का मजबूत स्तंभ बन गया है। अब राज्य वाणिज्य और पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया है। इसी के चलते राज्य की जनता कह रही है मेघालय मांगे, बीजेपी सरकार। उन्होंने कहा कि वे मेघालय में प्रतिभा और जीवंत परंपरायें देखते हैं और यहां आशा और विकास का संदेश लेकर आये हैं। भारत सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और मेघालय इसमें एक मजबूत योगदान दे रहा है।


#### नॉर्थ-ईस्ट के 8 राज्यों को 'अष्ट लक्ष्मी' मानते हैं: मोदी

पीएम ने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट के 8 राज्यों को हम कांग्रेस की तरह एटीएम नहीं बल्कि 'अष्ट लक्ष्मी' मानते हैं। हमारा यह प्रयास है कि दिल कि दूरियां भी मिटें और दिल्ली से भी दूरी कम हो। बीते 9 वर्षों में मैं खुद दर्जनों बार यहां आया हूं। अपने लोगों पर अविश्वास करके देश नहीं चलता। देश चलता है अपने लोगों का सम्मान करके, उनकी समस्याओं का समाधान करके। पहले जहां नॉर्थ-ईस्ट में डिवाइड की पॉलिटिक्स चलती थी उसको हमने डिवाइन में बदला है। नगालैंड के लिए हमारा मंत्र है- पीस, प्रोग्रेस और प्रॉस्पेरिटी।

**'भाजपा नहीं करती विकास में भेदभाव'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मेघालय के तुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की जनता को डबल ईंजन सरकार का महत्व समझाया और कहा कि भाजपा विकास के कार्यों में किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुख होता है कि मेघालय के हक का पैसा यहां के लोगों को नहीं मिलता। पूर्वोत्तर में जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां की जनता को लाभ मिल रहा है। यही लाभ राज्य को भी मिलना चाहिए।

इसके लिए डबल ईंजन (केन्द्र और राज्य में एक पार्टी की सरकार) सरकार होनी चाहिए। इस दौरान प्रधानमंत्री क्रिश्चन और आदिवासी समुदाय से भाजपा को वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ही बिना भेदभाव के जनता को विकास का लाभ मिलता है।



## मुर्मू को राष्ट्रपति बना जनजाति समाज का सम्मान बढ़ाया: शाह

**सतना:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मध्य प्रदेश के सतना जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को माता शबरी की जयंती पर आयोजित कोल जनजाति के महाकुंभ में शामिल हुए। इस असर पर उन्होंने केन्द्र की मोदी और मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल में कभी जनजाति समाज से किसी को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन नरेन्द्र भाई ने गरीब आदिवासी की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बना कर जनजाति समाज का सम्मान बढ़ाया है। इससे पहले कोल जनजाति महाकुंभ में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। समाज की 51 बेटियों ने गृह मंत्री को फूल देकर उनकी अगवानी की। अमित शाह और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप जलाकर महाकुंभ का शुभारंभ किया। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंच से 50,699 लाख रुपये की लागत के 17 विकास कार्यों का शिलान्यास और 2,565 लाख रुपये लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। गृह मंत्री शाह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मां शबरी विश्व का कल्याण करने वाली मां हैं। मैं तीसरी बार मां शारदा की धरती पर आया हूं, जब भी आया, तब नई ऊर्जा लेकर गया हूं। आप भाग्यशाली हैं कि आप उनके सानिध्य में रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज की तारीफ की और उन्हें गरीबों के हितैषी और प्रदेश का लोकप्रिय मुख्यमंत्री कहा। उन्होंने कहा कि मैं शिवराज सिंह और भाजपा सरकार को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उन्होंने आपकी सारी जरूरतें पूरी की हैं। जब जबलपुर आया था, तब शिवराज ने 14 घोषणाएं की थीं। मुझे लगा था कि मेरी उपस्थिति में शिवराज जी घोषणाएं कर रहे हैं। यदि पूरी नहीं हुई तो आदिवासी भाई-बहन मुझे पकड़ेंगे। आज शिवराज ने उन्हें पूरा कर हिसाब दे दिया। यही भाजपा की विशेषता है। शाह ने कहा कि जब आपने 2014 में मोदी की सरकार पहली बार बनाई, तब मोदी जी ने कहा था ।



## सपा सरकार में भारी घोटाला हुआ था: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ: उत्तर प्र**देश विधान सभा के बजट सत्र में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार में भारी घोटाला हुआ था। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी थी। मेडिकल कॉलेज वेंटिलेटर पर पहुंच गये थे। आज भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बहुत बेहतर हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ हमारी सरकार में सभी विभाग काम कर रहे हैं। पाठक विधान सभा में शून्य प्रहर के दौरान सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव के आरोपों के जवाब में बोल रहे थे। विधान सभा में सदन की कार्यवाही के दौरान आज दोपहर दो बजे तक कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोक देखने को मिली। शिवपाल के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार में पारदर्शिता के साथ सभी विभागों में बेहतर काम हो रहा है।



## सेना ने गलवान घाटी के पास दागी 'ध्रुवस्त्र हेलिना' मिसाइल

**नई दिल्ली: भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में** गलवान घाटी के पास रुद्र गनशिप से टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) 'ध्रुवस्त्र हेलिना' दागकर सफल परीक्षण किया है। यह वही इलाका है, जहां से 2020 में भारत और चीन के सैनिकों में घातक खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हुए थे। इसी घटना के बाद से भारत और चीन के बीच उत्तरी सीमा पर गतिरोध ज्यादा बढ़ा है, जिसका समाधान निकालने के राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य प्रयास चल रहे हैं।

## जातीय जनगणना में भाजपा उन्हें आगे कर रही जिन्हें कुछ नहीं दिया : अखिलेश

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को नोएडा दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए जातीय जनगणना नहीं कराने पर भाजपा सरकार को घेरा। अखिलेश ने कहा कि आपको याद होगा लोकसभा में उस समय नेताजी, शरद यादव, लालू प्रसाद यादव एवं देश के और दक्षिण भारत के सभी नेता कांग्रेस पार्टी के पास गए थे कि जातीय जनगणना हो। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी बहुत होशियार पार्टी है। अपनी पार्टी के उन नेताओं को आगे कर रही हैं जिनको कुछ नहीं दिया। जातीय जनगणना के मुद्दे पर उप्र के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री क्या कहते हैं यह सबसे बड़ा सवाल है। अखिलेश यादव ने कहा कि बहुत से जागरूक लोग समाज के आगे आए हैं जिन्होंने कहा है कि बिना जातीय जनगणना के जो हम जनता को सुविधा देना चाहते हैं, पॉलिसी बनाना चाहते हैं या ये जो योजनाएं जारी करना चाहते हैं उनसे मदद नहीं मिल पाएगी।




**महंगाई पर सरकार को बरसे अखिलेश:** नोएडा में एक जनसभा के दौरान मंच से अखिलेश यादव ने महंगाई के मुद्दे पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि "गेहूं का आटा कितने में खरीदते होंगे आप, आटा कितना महंगा हो गया, काली दाल कितने में खरीदते है आप, मूंग दाल, अरहर दाल कितने में हो गयी, सौ रुपये में दाल है की नहीं है।" कहा कि जो लोग पाम आयल का प्रचार करते थे, उससे कई लोग बीमार हो गए। उनका पाम आयल खाओगे जो पहले दुनिया में दो नंबर पर था, अब नंबर ही नहीं पता कहां चले गए।

उल्लेखनीय है कि नोएडा दौरे पर पहुंचे अखिलेश यादव ने सेक्टर-63 के वाजिदपुर गांव में राजपाल यादव की मूर्ति का अनावरण किया। इसके साथ ही पार्टी और कई सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया।

## श्रद्धा हत्याकांड: आफताब के खिलाफ सात मार्च को दलीलें सुनेगा कोर्ट



**नई दिल्ली: दि**ल्ली का साकेत कोर्ट बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले में आरोपित आफताब के खिलाफ आरोपों पर 7 मार्च को दलीलें सुनेगा। आज आफताब को सेशंस कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद आरोपों पर दलीलें की तिथि नियत की गई। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 21 फरवरी को इस मामले को ट्रायल के लिए सेशंस कोर्ट भेज दिया था। 7 फरवरी को साकेत कोर्ट ने बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने दस्तावेजों के परीक्षण के लिए अगली सुनवाई 21 फरवरी को करने का आदेश दिया था। 24 जनवरी को दिल्ली पुलिस ने 6629 पेज की चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें करीब सौ गवाहों के अलावा फोरेंसिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को आधार पर आफताब को एकमात्र आरोपित बनाया गया है। आफताब अभी न्यायिक हिरासत में है। कोर्ट ने 23 दिसंबर, 2022 को आफताब के आवाज के नमूने (वॉयस सैंपल) लेने की दिल्ली पुलिस को अनुमति दी थी। 22 दिसंबर, 2022 को आफताब ने कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी। आफताब ने कोर्ट से कहा था कि वो अभी जेल से बाहर नहीं आना चाहता है। 17 दिसंबर, 2022 को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आफताब के वकील एमएस खान को बताया था कि आफताब का ई-मेल आया है कि उसने वकालतनामा पर हस्ताक्षर जरूर किया है।

## कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है : उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली: उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि शिक्षा को देश की प्रगति के लिए अनुसंधान और नवाचार के साथ-साथ उद्यमशीलता का केंद्र बनना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के स्नातकोत्तर विद्यालय के 61वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश की प्रगति में अन्नदाता का अहम रोल रहा है। 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त भोजन सुनिश्चित करना आसान कार्य नहीं था। वह भी ऐसे समय में जब दुनिया महामारी से जूझ रही थी। उन्होंने कहा आज जिस भारत को हम देख रहे हैं, वह अद्भुत है। उपराष्ट्रपति ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में चिन्हित करने की दिशा में भारत के प्रयासों व दुनियाभर में कृषि क्षेत्र के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने ड्रोन सहित कृषि में अत्याधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ टेक्नोलॉजी इस क्षेत्र को बदल रही है। उन्होंने कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उठाए गए ।

## उमेश पाल व उनके सरकारी गनर की गोली मारकर हत्या

### शूटरों की तलाश में नाकेबंदी, जिले की सीमाएं सील

**प्रयागराज।** उमेश पाल की हत्या करने वाले शूटरों की तलाश में शुक्रवार रात नाकेबंदी कर दी गई। जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया। प्रत्येक गाड़ी चेक की जाने लगी। स्टेशनों और बस अड्डों पर भी चेकिंग होती रही। जिस तरह से खुले चेहरे के साथ शूटरों ने घटना को अंजाम दिया, पुलिस को आशंका है कि बाहर के शूटरों ने घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में दिखे उनके चेहरों के आधार पर तलाश की जा रही है।धूमनगंज में शुक्रवार की शाम हथियारबंद शूटरों जिस सनसनीखेज और दुस्साहसिक ढंग उमेश पाल की हत्या की, पुलिस महकमा उससे हतप्रभ है। शूटरों ने अपना चेहरा तक नहीं ढंका था। एक ने टोपी पहनी थी। सभी उमेश की क्रेटा कार का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही कार रुकी। उमेश बाहर निकले, एक शूटर ने उन्हें गोली मार दी। इसके बाद ताबड़तोड़ फायरिंग होने लगी। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश कुछ दूर पैदल भागे फिर बाइक से बैठकर वहां से फरार हो गए।



सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों के चहरे दिखे हैं।उन्हें पहचानने के लिए शहर में लंबे समय से तैनात पुलिस वालों के अलावा पुराने बदमाशों की मदद ली गई, लेकिन उन्हें पहचाना नहीं जा सका। इसी कारण पुलिस मानकर चल रही है कि बदमाश बाहरी थी। निश्चित रूप से घटना के बाद वे बाहर भागने का प्रयास करेंगे। पुलिस ने इसी कारण जनपद की सारी सीमाओं को सील कर दिया। बाहर जाने वाली सभी गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस की टीमें होटलों, ढाबों और धर्मशालाओं की भी चेकिंग कर रही हैं। जिले के सभी स्टेशनों और बस अड्डों पर सीसीटीवी फुटेज भेजकर जांच कराई जा रही है। पूर्वांचल के शूटरों पर शक, एक दर्जन से अधिक जिलों में भेजी गई तस्वीरें प्रयागराज। पुलिस को शक है कि शूटर पूर्वांचल के हो सकते हैं। इस कारण पूर्वांचल के एक दर्जन से अधिक जिलों में शूटरों की फोटो और सीसीटीवी फुटेज भेजी गई है।

### रिहाई के आदेशों के बाद तूफान आया बाहर; बोला- गुलामी का एहसास करवाना ही था

## अमृतपाल के आगे झुकी पंजाब पुलिस

**अमृतसर:** पंजाब के अमृतसर में अजनाला पुलिस स्टेशन पर हुए हमले के बाद पंजाब पुलिस सिख प्रचारक अमृतपाल सिंह के आगे झुक गई है। पुलिस ने कोर्ट में उसके साथी लवप्रीत तूफान को केस से डिस्चार्ज करने की एप्लिकेशन दायर की। जिसके बाद कोर्ट के आदेशों पर लवप्रीत तूफान दोपहर बाद 3:30 बजे के करीब जेल से बाहर आ गया। तूफान को लेने कुछ समर्थक और पारिवारिक सदस्य पहुंचे थे। तूफान ने बाहर आते ही अमृतपाल सिंह को जरनैल की उपाधि दे दी। तूफान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उसका इस मामले में कोई हाथ नहीं है। संगतों का काफी अधिक सहयोग रहा है। सभी का धन्यवाद, जिसने उसकी रिहाई में सहयोग दिया है। तूफान ने कहा कि उसका सब भाई जत्थेदार अमृतपाल सिंह है। वह जरनैल है और जरनैल चढ़दी कलां में रहे। तशदत? (टॉर्चर) के बारे में पूछने पर तूफान ने कहा कि यह तो होना ही था, यह घर नहीं है। गुलामी का एहसास तो करवाना ही है।



**गोल्डन टेंपल के लिए रवाना हुआ तूफान:** तूफान जेल से सीधा ही गोल्डन टेंपल के लिए रवाना हो गया। उसे लेने के लिए कुछ समर्थक पहुंचे थे। गोल्डन टेंपल में वह अमृतपाल के साथ मिलेगा और उसके बाद घर के लिए रवाना हो जाएगा।

**तनावपूर्ण स्थिति देख पुलिस बल तैनात:** अजनाला में स्थिति को कंट्रोल करने के लिए शुक्रवार सुबह से ही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करके रखा गया है। एसएसपी रूरल सतिंदर सिंह खुद पुलिस स्टेशन के अंदर मौजूद हैं। वहीं दूसरी तरफ पुलिस स्टेशन को पूरी तरह से घेर कर रखा गया है।

## अधिवेशन से कांग्रेस में नया उत्साह आएगा : पायलट

**जयपुर:** पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का मानना हैं कि 2023 में होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीतेगी, तभी 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को हराया जा सकेगा। पायलट शुक्रवार को रायपुर में कांग्रेस के महाधिवेशन में हिस्सा लेने पहुंचे। पायलट ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस अधिवेशन पर पूरे देश और कांग्रेसजनों की निगाहें टिकी हुई है। इसमें चर्चा के बाद कई प्रस्ताव पास होंगे। देश और कांग्रेस की भावी राजनीति की दिशा तय होगी।



पायलट ने कहा कि अधिवेशन से कांग्रेस में नया उत्साह आएगा। इसमें पन्द्रह हजार कांग्रेसी नेता इसमें शामिल हो रहे है। ये अधिवेशन बेहद अहम और सार्थक साबित होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे। राजस्थान सहित छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है।

### खबर संक्षेप

#### मार पीट तोड फोड पर करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला ने मार पीट तोड फोड का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दुबाही गांव निवासनीय शहनूर बेगम पत्नी असफाक अहमद ने आरोप लगते हुए मऊआइमा थाने में तहरीर दी है कि उस के परिजनों ने उसे और उसकी पुत्री को मारे पीटे तथा हैंडपंप तोड दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शहनूर बेगम के देवर असीर, जेठ इम्तियाज, अफसरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**बाइक व ट्यवबेल का पंखा मोटर चोरी : मऊआइमा।** मऊआइमा के दो गांवों में बाइक और एक गांव में ट्यवबेल की मोटर पंखा चोरी हो गई। पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि एक अन्य चोरी की जांच कर रही है। ग्राम गढचम्पा निवासी शफीक अली पुत्र आबाद अली सब्जी लेने बाइक से जोगापुर गए थे। जब वह मंडी से वापस लौटे तो बाइक नदारद थी। शफीक अली ने मुकदमा दर्ज कराया है। उधर ग्राम बेलखरिया का पूरा जोगीपुर निवासी अनन्द कुमार बाइक बरामदे खडी करके सो गया। सुबह उठा तो बाइक नदारद थी। उधर नया पूरा निवासी शिवमूरत पुत्र नन्कू राम का कहना है कि चोरों ने खेत में लगे ट्यवबेल की मोटर पंखा बीती रात चोरी कर ले गए।

# सड़क किनारे अर्धनग्न शव मिला, शरीर पर चोट के कई निशान



अखंड भारत संदेश

**बारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौहानी पेट्रोल पंप से महज 100 मीटर की दूरी पर एक युवक का अर्धनग्न अवस्था में शव पड़ा हुआ मिला है।उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान भी देखे गए हैं।आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है।मौके पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी हुई है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए एसआरएन भेजा गया है।पुलिस शव की शिनाख्त में लगी हुई है।घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के पास की है।जहाँ झाड़ियों में युवक के शव पाये जाने की सूचना मिली है उसी स्थान से कुछ ही दूरी पर एक अस्पताल भी है।मरीजों की देखभाल करने वाले कुछ लोगों ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे एक एम्बुलेंस उक्त स्थान पर सायरन बजाते हुए काफी देर तक खड़ी रही थी।जिससे उन लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि उसी एम्बुलेंस से शव को यहाँ लाकर फेंका गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों में अम्बिका प्रसाद ने बताया कि शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है,जिससे आशनाई के चलते युवक की हत्या की गई होगी, ऐसी आशंका लोगों द्वारा जताई जा रही है। घटनास्थल पर मौजूद गन्ने चौकी इंचार्ज अजयसिंह ने बताया कि युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।युवक के एक पैर में काफी चोट है, शरीर पर भी चोट के निशान हैं पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि युवक की हत्या की गई है या फिर किसी हादसे का शिकार हुआ है।शव की शिनाख्त होने के बाद ही घटना के सही कारणों का0पता चल पाएगा।

## गंगा में स्नान कर रहे दो भाइयों में एक कि डूबने से मौत

**सिरसा।** बृहस्पतिवार दिन में क्षेत्र के उपरौड़ा गंगा घाट पर स्नान कर रहे सगे भाइयों में दो छोटा गहरे पानी में चला गया। इस दौरान डूबने से अजित की मौत हो गई । इस घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने नदी से डूबे बालक को बाहर निकाल लिया। उसे तत्काल रामनगर सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे से घर में कोहराम मचा हुआ है। उपरौड़ा गांव के लाल बहादुर सोनकर के दो बेटे आनंद कुमार व उरुवा के उपरौड़ा गंगा घाट पर स्नान करते वक्त हुआ हादसा अजीत कुमार बृहस्पतिवार को मवेशियों के लिए चारा लाने गंगा कछार की तरफ गए थे। दोपहर में दोनों भाइयों को प्यास लगी तो वे गंगा स्नान करने चले गए।बताया जाता है कि स्नान करने के दौरान छोटा भाई अजीत (6) नदी में डूबने लगा। इस बीच आनंद ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। फिर आनंद घर पहुंच घटना की जानकारी दी तो परिजन मौके पर पहुंचे नदी में खोजबीन शुरू कर दी। कुछ ही देर में अजीत को निकाल लिया गया। तत्काल उसे सीएचसी रामनगर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मां फोटो देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी चौकी अंतर्गत गुरुवार की रात एक युवक की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम सभा छतरगढ़ के डिहार सलैया निवासी बालेश निषाद 36 वर्ष पुत्र रामनरेश निषाद गुरुवार की रात सलैया खुर्द के पास ग्याहर हजार मेन लाइन की चपेट में आ गया,जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौत हो गई।शुक्रवार को जानकारी मिलने पर गौर पावर हाउस के अवर अभियंता अभय यादव, धनुर्धर दुबे, गजरूप कुमार माझी, देवेंद्र यादव, हरिओम शर्मा आदि पहुंचे और निरीक्षण किया।

## संपत्ति हपड़ने के नियत से वशिष्ठ सिंह ने आधार कार्ड में बदलवाई वल्दीयत

### वास्तविकता में वशिष्ठ सिंह पुत्र है राम कृपाल का,आधार कार्ड में रामअधार

**लेडियारी।** तहसील कोरांव अंतर्गत गावों में लोगों की सम्पत्ति हड़पने के लिए अपने पिता की जगह दूसरे पिता के पुत्र तक बन जा रहे हैं।उक्त तहसील के खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पवांरी निवासी वशिष्ठ सिंह राम कृपाल सिंह का पुत्र है। लेकिन राम अधार की जमीन व सम्पत्ति हड़पने की नियत से राम अधार का पुत्र बन आधार कार्ड में दर्ज करा लिया है जबकि राम अधार का केवल एक पुत्र राम इकबाल सिंह है और वशिष्ठ सिंह तीन भाई हैं ।वशिष्ठ सिंह के दो भाईयों का नाम सुखदेव सिंह व अशोक कुमार है ।इतना ही नहीं वशिष्ठ सिंह अपराधी किश्म का ब्यक्ति है। लगभग बीस साल पहले डकैती, लूट व हत्या के मामले में म. प्र.प्रांत के रीवां जिला अंतर्गत सोहागी थाना से रीवाँ जेल जा चुका है जिससे सोहागी थाना के रिकार्ड में भी वशिष्ठ सिंह पुत्र राम कृपाल सिंह दर्ज है । वशिष्ठ सिंह बहुत शातिर किस्म का ब्यक्ति है`आए दिन लोगों के ऊपर दबाव बना कर अपने को राम अधार का बेटा कहलवाने के लिए धमकाया करता हैइसी तरह से बशिष्ठ सिंह के पिता का नाम विधान सभा के मतदाता सूची में और पुराने कागजातों में रामकृपाल सिंह ही है वशिष्ठ सिंह के फर्जी दस्तावेज की सी आई डी या सी बी आई से जांच कराकर धारा 420 आई पी सी के तहत कारावास भेजने हेतु कार्रवाई करने के लिए ग्राम वासियों ने प्रशासन से मांग की है।

## पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति बाधित

**बारा।** तहसील मुख्यालय बारा सहित आसपास की बस्तियों में लगभग दस दिनों से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।इस गर्मी में बारा खास सहित तहसील मुख्यालय आने वाले लोगों को पानी की मुसीबतों से दो चार होना पड़ रहा है। आपको बता दें कि बारा खास में जलापूर्ति ग्राम पंचायत पांडर के मजरा कोटवारन के पुरवा में लगे जलनिगम के पम्प से मिलती है।इसकी दूरी लगभग पांच किमी है, जिसमें हाइवे के बीच में पाइप लाइन पड़ जाने से आये दिन यही मुसीबत खड़ी रहती है।स्थानीय लोगों के अनुसार अगर एक बार कोई खराबी आ गई तो उसे सुधारने में महीनों के समय लग जाता है।कई बार शिकायत करने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।बारा खास में लगे इंडिया मार्का हैंडपंपों एवं कुओं का पानी पीने योग्य नहीं है।नईम अहमद, वसीम अहमद, रशीद अहमद, सुमन्तानन्द जी महाराज, राकेशानंद जी,रईस अहमद, इदरीश अहमद,सुल्तान अहमद, अनुराग कुशवाहा आदि ग्रामीणों ने इसके शीघ्र समाधान करने की माँग की है।

# स्वतंत्र भारत में पहली बार लगा उसरही ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल, ग्रामीणों में खुशी

### क्षेत्रीय लेखपाल के उपस्थित न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश
### मुनादी कराकर ग्राम पंचायत में लगाया गया ग्राम चौपाल

अखंड भारत संदेश




**सोरांव।** ग्रामीण जनता को सभी के साथ न्याय व योजनाओं की जानकारी होने के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में ब्लॉक स्तर में हर शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को उसरही ग्राम पंचायत में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज की अध्यक्षता में एक दिवसीय ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत के सभी मजरों के लोगों का जमावड़ा भी लगा। जिसमें लगभग सैकड़ों की तादात में लोग आए। और अपनी अपनी शिकायत भी रोजगार सेवक दीपक यादव के रजिस्टर में दर्ज भी करवाया गया। तथा वही तकनीकी सहायक वसीम अहमद ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को मनरेगा के बारे में अच्छी जानकारी भी दिए। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह की अगुवाई में सभी मजरों में मुनादी कराकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।इस चौपाल में दर्जनों शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसका निराकरण ज्यादातर शिकायती पत्रों का मौके पर ही कर दिया गया। वही विभिन्न योजना जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास योजना, शौचालय आदि सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से ब्लॉक प्रमुख ने बताया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (एसटी) पंकज गिरि,ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह व ग्राम प्रधान सीता देवी, कोटेदार समर बहादुर पटेल,पंचायत सहायक उर्मिला कुशवाहा, प्रधान पति अवधेश कुशवाहा, चंचल मिश्र, प्रधान पति श्याम जी पटेल, सेक्टर प्रभारी महीप वर्मा, बोरिंग टेक्नीशियन ज्योति तिवारी, रोजगार सेवक दीपक यादव, तकनीकी सहायक वसीम अहमद, समशेर पटेल, सफाई कर्मी गौरी शंकर, सर्वजीत यादव, आंगनवाड़ी संजू पटेल एवं गांव के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## कांग्रेस महासचिव की पत्नी के निधन पर कार्यकताओं ने जताया शोक

**करछना।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना के कार्य कताओं की आवश्यक बैठक जिला महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में करछना में हुई बैठक के माध्यम से जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता रंगराज सिंह की पत्नी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया समस्त कांग्रेस जनों ने दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शान्ति के लिए इश्वर से प्रार्थना किया शोक व्यक्त करने वालों में पक ाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष शिव विजय सिंह विद्याधर मिश्र एंडो नागेश पांडेय संजय कुमार शुक्ल आशीष कुमार मिश्र एंडो लाल चन्द यादव पन्नय रंजन भट्टाचार्य रशीद हैदर रमेश तिवारी प्रमोद तिवारी श्याम बाबू जी अकबाल बहादुर कुशवाहा शारदा पस्राद गुरु चरन वेदा नन्द बेद अनिल कुमार पाण्डेय नन्द लाल यादव राजेश तिवारी रहे।

# गंगा संरक्षण हेतु आयोजित किया गया जन जगरूकता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र व गंगा टास्क फोर्स प्रयागराज द्वारा गंगा स्वच्छता पर जन जगरूकता कार्यक्रम बलकरनपुर में आयोजित किया गया ' जिसमे ग्रामीण लोग उपस्थित रहे. कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह , प्रधान, गंगा टास्क फोर्स की टीम मौजूद रही ' जिला परियोजना अधिकारी ने नमामि गंगे में युवाओ की सहभागिता परियोजना से सभी को अवगत कराया और कहा भारत में प्राचीन काल से ही नदियों का अत्यधिक महत्व रहा है और आज भी बहुत हद तक हमारा जीवन नदियों पर निर्भर है। इसलिए जरूरी है ताकि हम इनकी स्वच्छता और पवित्रता को चिरकाल तक बनाए रख सकें। इनका जल हमारे लिए उपयोगी हो सकेगा और हम लंबे समय तक इनका लाभ उठा सकेंगे ' सूबेदार सर्वेश तिवारी ने गंगा टास्क फोर्स द्वारा किया जा रहे प्रयासो के बारे में अवगत कराया 'और कई तरह के पौधों व उनके महत्व, जैव विविधता आदि पर जानकारी साझा करी और कहा नदियों का सम्मान करना सीखना होगा तथा पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं साथ ही पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं।इसके लिए हमें स्वयं संकल्पबद्ध होना होगा और स्वयं से किया यह संकल्प हर हाल में निभाना होगा। प्रधान ने सभी को प्लास्टिक कम से कम उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया ' समाज सेवी पिंटू ने सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई ' हवालदार मेराज खान ,आरएफएन अमित पाण्डेय, मनोज कुमार, जंग बहादुर, गोपी कुमार ,विजय कुमार अर्जुन सोनोर, अमन राय, नर बहादुरपुर श्रेत्री स्वयंसेवक बबिता कुसुम,गंगादूत सुनीता उपस्थित रहे।




## सांईवाटिका चनेथू से ढोल नगाड़े, डीजे के साथ निकली भव्य सांईबाबा की रथयात्रा



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सांईबाबा के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर 24 फरवरी को सांईवाटिका चनेथू शरीफा बाद प्रांगण से भव्य सांई बाबा जी की रथयात्रा गगनभेदी नारों एवं गुलाल रंग अबीर के साथ शुक्रवार को निकली। मंदिर परिसर से डीजे ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, पुरुष के साथ नृत्य करते हुए रथ यात्रा गांव के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आचार्यों द्वारा पूजन अर्चन, आरती, हवन कराया गया। भक्तों के लिए विशाल महाप्रसाद/भंडारा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी विमलधर दुबे, स्वागताकांक्षी संजय दुबे, राकेश धर दुबे सह संयोजक प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ भाजपा काशी क्षेत्र, प्रतिष्ठान बर्फी स्टील सतहरिया ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में रामचंद्र दुबे, कमलधर, हरिश्चंद्र, विद्याधर, प्रकाश चंद्र, सुरेश चंद्र, राज दुबे, राजेश, धर्मेंद्र, जितेंद्र, आशीष, सतीश, सचिन, रोहन, विकास, विशाल, आकाश, विवेक, नितेश, सर्वेश, अभिषेक, रितिक, आदित्य, वेदांत आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ व प्रयागराज के अधिवक्ताओं एवं भाजपा कार्यकताओं ने थाने में दिया शिकायतीपत्र

अखंड भारत संदेश

### कार्यवाही न होने पर पुलिस कमीश्नर के आवास पर देंगें धरना




**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम छाता में जिले से आयी जांच के दौरान दो पक्षों में गली गलौज मार पीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष ने पहले मुकदमा दर्ज कराया जबकि प्रधान पक्ष का मुकदमा अधिकारियों के आदेश पर लिखा गया था। क्रास मुकदमा दर्ज होने से भाजपा कार्यकताओं एंव प्रतापगढ, प्रयागराज के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को मऊआइमा इंस्पेक्टर को शिकायतीपत्र दिए। इंस्पेक्टर ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता में बीस फरवरी को प्रधान पर मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। जिसकी जांच करने जिले से टीम आयी थी। इसी दरम्यान प्रधान पक्ष और विपक्षी के बीच गाली गलौच मार पीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष के भाजपा कार्यकर्ता एंव प्रयागराज के अधिवक्ता सुधाकर मिश्रा के भाई दिवाकर मिश्रा ने प्रधान पुत्र सहित नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जबकि प्रधान पुत्र धर्मेन्द्र ने अधिकारियों के आदेश पर दिवाकर मिश्रा के प्रतापगढ़ के अधिवक्ता भांजे शुभम तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज करा दिया था। बताया गया है कि इसी बात को लेकर नाराज भाजपा कार्यकताओं और अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को मऊआइमा थाने में शिकायतीपत्र देकर दो दरोगाओं को हटाने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दर्ज फर्जी मुकदमों को खत्म करने की बात रखी। जिसपर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए।। तथा शिकायतीपत्र में तीन दिनों के भीतर कार्यवाही न होने पर कमीश्नर के आवास पर धरना देंगें। बता दें कि शिकायतीपत्र देने के पूर्व थाना परिसर में दरी बिछाने की कोशिश को पुलिसकर्मियों ने नाकाम कर दिया तो इंस्पेक्टर को शिकायतीपत्र दिए। इस अवसर पर दिवाकर मिश्रा, अधिवक्ताओं में सुधाकर मिश्रा ,शुभम तिवारी ,विजय पांडेय ,गौरव तिवारी ,संतोष दूबे ,अनिल पासी ,राहुल पांडेय ,आदित्य पांडेय ,नितिन पांडेय ,राजेश शुक्ला ,निमिष खत्री, दीपक मिश्रा ,राहुल सिंह रवि जायसवाल, सुरेंद्र बहादुर आदि बडी संख्या में अधिवक्ता एंव कार्यकर्ता मौजूद थे। इस बाबत इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि घटना वाले दिन वह अवकाश पर थे। शुक्रवार को मिले शिकायतीपत्र की निष्पक्ष जांच कि जाएगी। जहां तक प्रधान पुत्र के मुकदमे लिखने का सवाल है वह अधिकारियों के संज्ञान में है। फिर भी निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## रोकडी में श्रीमद्भागवत कथा आरंभ निकाली कलशयात्रा



**करछना।** के रोकड़ी गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमयी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ वेदी रचना एवं प्रतिष्ठा पूजन के साथ शुक्रवार से हुआ । कथा के प्रथम दिन शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा वेदी मंडप से निकलकर कुशगढ़ धाम स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंची जहां पर भोले शंकर का पूजन अर्चन किया गया। यात्रा में भक्त सहित महिलाएं पीले परिधान में भागवत पुराण व कलश लिए सुमांगलिक गीतों के साथ गांव का भ्रमण किया। और यात्रा वापस मंडप पर पहुंची । कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उपदेशित करते हुए भक्त जनों को बताया कि कलश यात्रा के माध्यम से अदृश्य शक्तियों का आहवाहन किया जाता है। जिसमें अतृप्त आत्माओं का भी कल्याण होता है। इस यात्रा में शामिल होने व एक- एक पग चलने से अनेक तीर्थों के परिक्रमा से बढ़कर पुण्य फल प्राप्त होता है । कथा के मुख्य श्रोता यजमान सुशीला देवी की ओर से कथा व्यास सहित पुरोहित पं पवन कुमार मिश्रा आचार्य पं देवकीनंदन मिश्र व पं अखिलेश मिश्र का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक के के तिवारी व संयोजक पारसनाथ तिवारी तथा व्यवस्थापक गौरीनाथ तिवारी पिंटू ने सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया । कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में प्रधानाचार्य डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अधिवक्ता रवि कांत तिवारी शशिकांत तिवारी राम अभिलाष तिवारी राकेश कुमार तिवारी संजीव पुष्कर प्रदीप विनीत आदि भक्तजन शामिल रहे।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल ने बड़े धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

अखंड भारत संदेश

**करछना।** जीवन ज्योति के पब्लिक स्कूल भीरपुर प्रांगण में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पाण्डेय व श्रीमती कुसुम पाण्डेय जी द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस वार्षिकोत्सव में करछना ब्लॉक के सभी गांवों के प्रधान सहित ब्लॉक प्रमुख करछना उपस्थित हो कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पैरा मेडिकल की प्राचार्या व स्टाफ ने भी कार्यक्रम में उपस्थित हो कर समारोह की शोभा बढ़ाई। इस समारोह में छात्रों द्वारा मातृ पितृ वन्दन,शिव ताण्डव नृत्य, महिषासुर मर्दनी नृत्य, डांडिया नृत्य तथा अन्य नृत्यों के माध्यम से सनातनी सभ्यता को जीवित रखने का जीवन्त उदाहरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही डॉ पाण्डेय द्वारा खो-खो , कबड्डी, वॉलीबॉल, रेस,क्रिकेट खेलों में विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इन खेलों में ओवर आल चैंपियन रेड हाउस रहा। बेस्ट प्लेयर हर्ष तिवारी व बेस्ट डिसिप्लिन प्लेयर का अवॉर्ड शिवांश त्रिपाठी को प्रदान किया गया। इस आयोजन पर वूमेन वेलफेयर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पाण्डेय जी , विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा एवं विद्यालय के संरक्षक डॉ. के के शुक्ला अभिभावकगण एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ पाण्डेय द्वारा उचित मार्ग दर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## शुआट्स विशेषज्ञों को पुष्प प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में किया गया आमंत्रित

**नैनी।** चंद्रशेखर आजाद पार्क में शुक्रवार को पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. एस.डी. मैकार्टी के नेतृत्व में शुआट्स विशेषज्ञों को फूल प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। पूरी प्रदर्शनी को 27 श्रेणियों में बांटा गया है, जैसे होम गार्डन, मौसमी पौधे, सजावटी पौधे, कैक्टस, रसीले पौधे, फूलों की व्यवस्था, सब्जियों की बागवानी, खाद्य संरक्षण, शहद, फोटोग्राफी, पेंटिंग आदि। यह प्रदर्शनी पौधों और फूल प्रेमियों के लिए एक मंच प्रदान करती है। साथ ही नई तकनीकों के बारे में जानने और विभिन्न प्रकार की बागवानी के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करने का एक शानदार अवसर भी देती है। डॉ. निमिषा नटराजन (वैज्ञानिक, गृह विज्ञान), डॉ. आर.पी. सिंह (वैज्ञानिक, केवीके से बागवानी), डॉ. वी.एम. प्रसाद, डॉ. देवी सिंह, इंजी. आर.ई. विल्सन को फूल प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। फूल और फल के स्वास्थ्य, व्यवस्था के प्रकार, संरचना, किस्मों आदि जैसे विभिन्न मानकों पर निर्णय लिया जाता है।

# प्रदेश सरकार द्वारा बजट पर लोगों की रही मिली जुली प्रतिक्रिया

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा सदन में योगी सरकार द्वारा बजट पेश किया गया। जिससे कुछ लोगो ने बहुत ही प्रशंसनीय बजट बताया तो कुछ लोगों ने नाराजगी के साथ चुनावी तथा गुमराह करने वाला बजट बताया। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को बजट पेश किया। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त किया। कुछ लोगों ने बजट को सराहा तो कुछ लोगों ने कहा यह बजट चुनावी बजट बताया। इस बजट पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि यह बजट सिर्फ लोकलुभावन और चुनावी है। आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव को दृष्टिगत प्रस्तुत किया गया है। इसमें दैनिक जीवन में काम आने वाली खाद्य वस्तुएं जैसे आटा, चावल, दाल ,तेल अन्य जीवन रक्षक दवाइयां उर्वरक आदि मूल्यों पर कोई कमी नहीं की गई है। बजट में नौजवानों को कैसे नौकरियां मिले कैसे महंगाई पर नियंत्रण हो इस पर कोई बात नहीं की गई है।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह का कहना है कि इस बजट में मध्यम वर्ग जनजातीय वर्ग तथा रोजगार सृजन की चिंता की गई है। यह बजट उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों, गरीबों, नौजवानों, महिलाओं, बुजुर्गों, कर्मचारियों एवं हर तरह से सभी लोगों तथा आमजन के प्रति समर्पित बजट है।


भाजपा नेता जय प्रकाश द्विवेदी का कहना है कि बजट से इस बार नौकरी पेशा लोगों तथा शिक्षा, बिजनेस, उद्योग, किसानों, मजदूरों एवं ऊर्जा हर क्षेत्र को देखते हुए यह बजट बहुत ही प्रशंसनीय बजट है।

साधन सहकारी समिति पैगंबरपुर के अध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी आजाद बजट पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट जनविरोधी एवं हवा हवाई है।








## बम और गोलियों की दहशत से दहल उठा प्रयागराज

# राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और गनर की गोली मारकर हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के चर्चित बसपा विधायक रहे राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई है। शहर में शुक्रवार को हमलावरों ने उन्हें घर में घुसकर गोली मार दी। बदमाशों ने उनके उपर कई राउंड फायर किए और गाड़ी पर बम से भी हमला किया। गोलीबारी में उमेश पाल की सुरक्षा में लगे तैनात दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उमेश पाल और उनके गनर संदीप मिश्रा की मौत हो गई। वही दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह का इलाज चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल हमलावरों के बारे में पता नहीं चल पाया है।

**कई बार पहले भी उमेश पाल पर हो चुका था हमला :** राजू पाल हत्याकांड में गवाह बनते ही अतीक अहमद गिरोह उन्हें दुश्मन की नजर से देखने लगा। कई बार हमले का प्रयास हुआ लेकिन वे बच निकले थे। 28 फरवरी 2008 को उमेश का अपहरण कर लिया गया था। उनके साथ मारपीट की गई। धमकी दी गई, गवाही दी तो मार दिये जाओगे। बाद में उन्हें छोड़ा गया तो उन्होंने अतीक, अशरफ समेत गिरोह के कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी । हालांकि 11 जुलाई 2016 को उमेश पाल गवाही देने कचहरी गए थे। उन पर कचहरी परिसर में ही जानलेवा हमला किया गया। उमेश ने अतीक, अशरफ समेत गिरोह के तमाम लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों मामले कोर्ट में चल रहे हैं। गुरुवार को उमेश पाल ने अतीक गिरोह के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज कराई है। इसके अलावा 2022 में जान से मारने की धमकी और एक अन्य मामले में एफ आई आर लिखाई गई थी।

**उमेश पाल को हत्या में फंसाने की भी हो चुकी है कोशिश :** पूर्व सांसदअतीक अहमद गिरोह ने उमेश पाल पर न सिर्फ हमले कराए और धमकियां दीं बल्कि 2016 में धूमनगंज में जीतेंद्र पटेल की हत्या के मुकदमे में नामजद भी करवा दिया। हालांकि जांच में उमेश को बरी कर दिया गया ।

**पूर्व सांसद अतीक अहमद से 17 साल पुरानी है दुश्मनी :** बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के बीच दुश्मनी करीब 17 साल पुरानी है। राजू पाल हत्याकांड में जब उमेश गवाह बने तो अतीक ने उनका अपहरण करा लिया था। उमेश अतीक गिरोह के खिलाफ अब तक पांच एफआईआर करा चुके हैं। 25 जनवरी 2005 को शहर पश्चिम के विधायक राजू पाल को सुलेम सराय इलाके में गोलियों से भून दिया गया था। उस समय राजू पाल के दोस्त और रिश्तेदार उमेश पाल पूरे मामले के गवाह बन गए थे।

**बसपा सरकार के चर्चित विधायक राजू पाल की 2005 में कर दी गई थी हत्या :** इलाहाबाद पश्चिमी के बसपा विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को सुलेमसराय में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी पूजा पाल कौशाम्बी की चायल सीट से सपा से विधायक हैं। राजू पाल हत्याकांड में पूर्व सांसद अतीक अहमद व उनके छोटे भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उमेश पाल घटना के मुख्य गवाह था। वह राजू पाल की पत्नी पूजा पाल के सगी बुआ का लड़का था।राजू पाल हत्याकांड की जांच सीबीआई ने की थी, जिसमें उमेश पाल मुख्य गवाह है। यही कारण है कि उसे कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। राजू पाल की पत्नी कौशाम्बी की चायल सीट से विधायक पूजा पाल भी कई बार आशंका जता चुकी हैं कि गवाही को प्रभावित करने के लिए उमेश पाल की हत्या हो सकती है। उमेश पाल ने भी जान का खतरा बताया था।

## प्रयागराज में फेल है आयुष्मान भारत योजना

# 100 निजी अस्पताल ऐसे जो मरीजों को नहीं कर रहे भर्ती, जिम्मेदार अफसर उदासीन!

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना प्रयागराज में फ्लॉप साबित हो रही है। प्रयागराज में आयुष्मान भारत योजना को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर उदासीन बैठे हुए हैं। यही कारण है कि प्रयागराज में निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को भर्ती नहीं कर रहे हैं। जनपद में 184 ऐसे अस्पताल हैं जो आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध किए गए हैं लेकिन इसमें करीब 100 अस्पताल ऐसे हैं जो आयुष्मान के मरीजों को भर्ती नहीं कर रहे हैं। जिम्मेदार अफसरों की ओर से इसके लिए कोई पूछताछ भी नहीं होती है। यही कारण है कि निजी अस्पताल संचालक मनमानी कर रहे हैं।

**भुगतान में देरी से नहीं लेते रूचि**

निजी अस्पताल संचालकों का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना में भुगतान की प्रक्रिया बहुत धीमी है। मरीज का इलाज तो कर दिया जाता है लेकिन भुगतान के लिए सीएमओ आफिस का चक्कर लगाना पड़ता है। यही कारण है कि अस्पताल संचालक आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को नहीं भर्ती करते हैं। प्रयागराज में 157 निजी अस्पताल हैं जो आयुष्मान से संबद्ध हैं, इसमें 100 से ज्यादा अस्पतालों में एक भी आयुष्मान भारत के मरीजों को नहीं भर्ती किया गया है।

**शिकायत पर भी नहीं होती कार्रवाई**

जब निजी अस्पतालों में मरीजों को नहीं भर्ती किया जाता तो इसकी शिकायत सीएमओ आफिस में जिम्मेदार अफसरों से भी की जाती है लेकिन अफसरों की ओर से इसे नजरअंदाज किया जाता है। यदि ऐसे अस्पतालों पर सख्ती की जाए तो आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को राहत मिलेगी।

**अफसर भी हैं लाचार :** इस संबंध में आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कहते हैं कि चिह्नित किया गया है जिसमें पाया गया है कि करीब 100 निजी अस्पताल ऐसे हैं जो आयुष्मान भारत योजना को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अब इन लोगों पर क्या कार्रवाई की जाए। हम लोग ऐसे अस्पताल संचालकों से इसका कारण पूछ रहे हैं।

# प्रयागराज के दो निजी अस्पताल हुए सील

## जीवन रक्षा और यशराज हास्पिटल पर कार्रवाई बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहा था संचालन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के दो निजी अस्पताल को शुक्रवार को सील कर दिया गया। फूलपुर के बाबूगंज इलाके में स्थित जीवन रक्षा हास्पिटल बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा था। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जब अस्पताल का पंजीकरण संबंधित अभिलेख की मांग की तो पता चला कि अस्पताल का पंजीकरण आज तक नहीं हो सका है। इसके बाद तत्काल अस्पताल में ताला लगा दिया गया और सील कर दिया गया। अस्पताल संचालक से पूरा विवरण मांगा गया है। इसी तरह बाबूगंज में ही यश राज हास्पिटल को भी सील कर दिया गया है।

**यश राज हास्पिटल का नहीं था नवीनीकरण :** इसी तरह स्वास्थ्य विभाग की टीम बाबूगंज के यश राज हास्पिटल का निरीक्षण करने पहुंची। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल में तीन मरीज भर्ती थे। इन मरीजों के इलाज के लिए कोई भी चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टाफ वहां मौजूद नहीं था। टीम द्वारा जब पंजीकरण का कागज मांगा गया तो हास्पिटल का स्टाफ टाल मटोल किया जाने लगा। काफी पूछताछ के बाद स्टाफ द्वारा बताया गया कि इस हास्पिटल का पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं हो सका। अस्पताल में भर्ती एक मरीज को उनके परिजन द्वारा संगम हास्पिटल में भर्ती कराया गया और दो अन्य मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया।

# जार्जटाउन में रेस्टोरेंट के बाहर हुई भीषण बमबाजी, दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** रेस्टोरेंट मालिक के भांजे से कुछ लड़कों का हुआ था विवाद, उन्हीं लड़कों ने किया हमला प्रयागराज। जार्जटाउन थाने के पास अलडोराडो रेस्टोरेंट के बाहर बृहस्पतिवार की रात जमकर बमबाजी की गई। तीन गाड़ियों से आए लड़कों ने रेस्टोरेंट गेट पर एक के बाद कई बम मारे जिससे वहां अफरातफरी मच गई। घटना के बाद हमलावर भाग निकले। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रेस्टोरेंट मालिक के भांजे से कुछ लड़कों का विवाद हुआ था। उन्होंने ही हमला किया।जार्जटाउन क्षेत्र में संदीप पांडेय ने अलडोराडो नाम से रेस्टोरेंट खोला है। रात में करीब साढ़े नौ बजे पल्सर बाइक, स्कूटी तथा एक अन्य गाड़ी से लड़के पहुंचे और गेट पर बमबाजी शुरू कर दी। एक के बाद एक कई बम मारे तो वहां अफरातफरी मच गई। जो लोग अंदर थे, वे डर के मारे छिपने लगे। बमबाजी से वहां गाढ़ा धुआं फैल गया। बमबाजी करने वाले युवक गाली गलौज भी कर रहे थे।रेस्टोरेंट के बाद दो कार खड़ी थीं। बमबाजी में दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। हमलावर लड़के जब वहां से भाग निकले तब लोग रेस्टोरेंट से बाहर निकले। जो लोग रेस्टोरेंट के अंदर थे, वे काफी डर गए थे। कई लड़के लड़कियां और परिवार वाले भी घटना के समय अंदर मौजूद थे।संदीप पांडेय की सूचना पर एसीपी कर्नलगंज राजेश यादव और जार्जटाउन थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। संदीप पांडेय ने बताया कि उनके भांजे के साथ सिविल लाइंस में कुछ लड़कों ने मारपीट की थी। उन्हीं लोगों ने हमला किया है।एसीपी ने बताया कि कुछ लड़कों के नाम पता चले हैं। यह भी जानकारी मिली है मारपीट करने वाले लड़कों का गिरोह है। जो न सिर्फ मारपीट करते हैं बल्कि इंस्टाग्राम पर मारपीट का वीडियो भी अपलोड करते हैं। इसी गिरोह पर शक है। पुलिस ने रात में ही आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दे रही है।

## पत्नी से दुराचार के मामले में पति की जमानत खारिज, कानपुर के चकेरी का मामला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी से बलात्कार व अप्राकृतिक दुराचार और धोखाधड़ी के आरोपी पति अनुज चेतन सरस्वती उर्फ अनुज कठेरिया की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। एक अन्य युवती से विवाह कर इसी प्रकार का अपराध करने के मामले में याची की संलिप्तता पर अदालत ने कहा कि याची का अपराधिक इतिहास है। ऐसे लोग समाज के लिए घातक हैं और ऐसे लोगों को कारागार ही रहना चाहिए। अदालत ने अधीनस्थ न्यायालय को मुकदमे का ट्रायल कोर्ट को दिन प्रतिदिन के आधार पर यथाशीघ्र सुनवाई निस्तारित करने को कहा है।यह आदेश न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी ने पति अनुज चेतन सरस्वती उर्फ अनुज कठेरिया की जमानत अर्जी पर दिया है। प्रकरण के अनुसार पति की असलियत सामने आने पर पीड़िता ने उसके खिलाफ कानपुर जिले के चकेरी थाने में प्रथिमिकी दर्ज कराई।जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान प्रस्तुत अपराधिक इतिहास से पता चला कि वह इसी तरह के अपराध मे पूर्व में भी एक युवती से विवाहको लेकर संलिप्त था। जिसे लेकर याची के खिलाफ कानपुर के किदवईनगर एवं शाहजहांपुर के निगोही थाने में अप्राकृतिक दुराचार व जानलेवा हमला करने के मुकदमे दर्ज हैं।

# दरोगा ने बर्बाद कर दी बेटे की जिंदगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बहरिया के सराय अजीज गांव में पुलिस को देखकर संजय नाम के युवक के छत से कूदने के मामले में दरोगा अजीत मौर्या को लाइन हाजिर कर दिया गया। एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव बृहस्पतिवार गांव पहुंचे। एसीपी ने परिजनों के बयान दर्ज किए और गांव के लोगों से घंटों पूछताछ की। संजय की मां ने कहा कि दरोगा ने बेटे की जिंदगी बर्बाद कर दी। उसे अपाहिज बना दिया। दबिश के दौरान पुलिस के डर से छत से कूदने पर जख्मी संजय भारती का भी सहसों स्थित अस्पताल जाकर बयान लेकर हस्ताक्षर करवाए।एसीपी की रिपोर्ट के बाद अधिकारियों ने दरोगा अजीत मौर्या को लाइन हाजिर कर दिया। अजीत के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई हो सकती है। एसीपी ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इसमें भूमि विवाद में पुलिस को दबिश देने की क्या आवश्यकता थी। पीड़ितों के खिलाफ थाने में क्या कोई मुकदमा दर्ज है। हल्का दरोगा ने 20 हजार का लेनदेन किसके माध्यम से किया और दस हजार की डिमांड क्यों की जा रही थी।थाने की सरकारी जीप का प्रयोग किसके अनुमति से की गई। जीडी में रवानगी दर्ज है या नहीं आदि तमाम बिंदु शामिल हैं। संजय के घर वाले दरोगा अजीत मौर्या से बेहद खफा थे। उनका कहना था कि दरोगा ने रिश्वत के चक्कर में संजय को उसने अपाहिज बना दिया। अगर उन्हें इंसाफ नहीं मिला तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे।गौरतलब है कि सराय अजीज उर्फ महपूरा निवासी लल्लू भारतीय का आरोप है कि वह अपनी भूमिधरी में पारिवारिक बंटवारे के हिस्से पर अपना मकान बनवा रहा था। परिवार के कुछ लोगों ने इसकी शिकायत थाना बहरिया में की। जिस पर हल्का दरोगा ने थाने बुलवाया और एक ग्राम प्रधान के माध्यम से डरा धमका कर 20 हजार ले लिए। सोमवार को हल्का दरोगा ने लल्लू भारतीय के बेटे संजय भारतीय और रंजीत भारतीय को थाने बुलाया और उनसे 10 हजार की और डिमांड की। आरोप है कि इन लोगों ने जब पैसा देने में असमर्थता जताई तो रात करीब 12 बजे हल्का दरोगा सिपाहियों के साथ उसके घर पहुंचे और दरवाजा और खिड़की पीटने लगे। इससे बच्चे और महिलाएं डर के मारे चीखने लगे। डर के मारे संजय भारतीय छत से नीचे कूद गया। इसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। रात में ही 108 एंबुलेंस बुलाकर उसको सीएचएसी फूलपुर ले जाया गया।जहां से सहसों स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया है। लल्लू भारतीय ने बहरिया पुलिस और हल्का दरोगा की मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त से शिकायत की। पहले पुलिस महकमा मामले को झूठा बताकर दबाने का प्रयास किया, लेकिन मामला तूल पकड़ने लगा तो बुधवार को जांच के लिए एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव पहुंचे।

# निदेशालय व डाइट की संयुक्त टीम ने किया कौड़िहार के विद्यालयों का निरीक्षण



**प्रयागराज।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा सुपर-फिफ्टी, ब्लॉक में चयनित विकास खण्डो के कार्यों व शैक्षिक गुणवत्ता की जांच हेतु प्रयागराज में 2 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें आलोक कुमार तिवारी वरिष्ठ प्रवक्ता डायट प्रयागराज एवं ओमप्रकाश खरवार सांख्यिकी अधिकारी शिक्षा निदेशालय प्रयागराज ने मिलकर विद्यालयों की जांच की।टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय मलाक-हरहर प्रथम, कम्पोजिट स्कूल मधेशा, प्राथमिक विद्यालय रामपुर, चफरी, अकबरपुर गंगागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, कक्षा 1, 2 व 3 में स्कूल बच्चों के सापेक्ष निपुण बच्चों की संख्या की जांच की गई एवं इसके साथ-साथ अध्यापकों द्वारा किए जा रहे दीक्षा एप , रीड एलांग एप जोकि बच्चों के पठन-पाठन से संबंधित हैं इनकी भी जानकारी ली गई। दीक्षा एप का प्रयोग ऑनलाइन कंटेंट के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के लिए होता है। रामपुर, मलाक हरहर व चफरी के विद्यालयों में बच्चों के निपुण लक्ष्य की जांच की गई जिसमें बच्चे खरे उतरे। टीम ने विद्यालयों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों के चलते निरीक्षण पंजिका में विद्यालय व स्टाफ की प्रशंसा अंकित की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्र एवं एआरपी अजमल अमीन अंसारी टीम के साथ रहे एवं इन्होंने विभिन्न विद्यालयों का अवलोकन कराया।

## शिक्षामित्र संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने प्रयागराज के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद



**बारा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने बताया की वसीम अहमद पुत्र शफीक अहमद प्राथमिक विद्यालय हरदी बारा, विकासखंड जसरा, जनपद प्रयागराज विगत सत्रह वर्षों से जिला अध्यक्ष प्रयागराज के पद पर संगठन के प्रति लगातार ईमानदारी व मेहनत से शिक्षामित्र हित में कार्य कर रहे हैं वसीम अहमद की मेहनत, लगन और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की कोर कमेटी की बैठक के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला की अनुमति से संगठन के जिला अध्यक्ष प्रयागराज के साथ-साथ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है वसीम अहमद जिला अध्यक्ष प्रयागराज के पद पर कार्य करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में एक संघर्षशील, विचारक, मार्गदर्शक एवं ईमानदार पदाधिकारी के रूप में जाने जाते हैं इनके प्रदेश में उपाध्यक्ष बनने से उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ को पूरे प्रदेश में मजबूती मिलेगी। शिक्षामित्रों में सुमंत भार्गव दशरथ लाल भारती वंदना श्रीवास्तव अरुण सिंह सुनील तिवारी सिद्धराजसिंह ओमप्रकाश बिंद प्रतिमा मिश्रा, रीता पांडे रमाकांत कुशवाहा अब्दुल मुकीत नौशाद अली,महेंद्र पांडे आदि लोगों ने खुशी जाहिर की।


**आवश्यकता है**

**बृजराज सिंह डिग्री कालेज**
थुलमा, आसेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
**बी.एस.सी. (एग्रीकल्चर) पाठ्यक्रम हेतु**
विभागाध्यक्ष (01) पद, सहायक आचार्य (12) पद, योग्यता एवं वेतनमान यू.जी. सी. + आई. सी. ए. आर./पी.आर.एस.यू. के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 7 दिन के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
**बृजराज सिंह पी.जी. कालेज**
थुलमा, आसेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
Mob.: 9889056889
Email: brsdcollege87@gmail.com

**बृजराज सिंह लॉ कालेज**
थुलमा, आसेपुर, सैदाबाद,प्रयागराज
सम्बद्ध
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्राचार्य (01) पद, सहायक आचार्य (09) पद, योग्यता L.L.M., NET, Ph.D.
वेतनमान - यू.जी.सी. मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 10 दिवस के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
**विजय सिंह**
Mob.: 9889056889
Email: brijrajsinghlawcollege@gmail.com


# कायार्लाय ग्राम पंचायत संसारपुर वि0 खं0 कोरांव, प्रयागराज

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत संसारपुर के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारो से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 16.02.2023 से 26.02.2023 तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 27.02.2023 को सायं 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्त 10 रुपये के स्टांप पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | संसारपुर चकीं प्रा.वि. में बाउन्ड्रीवाल निर्माण | 5.50 लाख |

मुख्तार अहमद
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत संसारपुर
वि0 खं0 कोरांव प्रयागराज

अरविंद कुमार
ग्रा0 पं0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत संसारपुर
वि0 खं0 कोरांव प्रयागराज

पत्रांक - ग्रा0प0 निविदा 2022-23

## अवैध तमंचा के साथ दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना दिलीपपुर से उ0नि0 राजकुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 36/2023 धारा 147, 148, 149, 323, 307, 506 भादंवि से संबंधित दो वांछित अभियुक्त शैनुल हसन पुत्र ऐनुल हसन नि0 ग्राम देहरी दीगर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ व तस्लीम आरिफ पुत्र मो मुनीर नि0 ग्राम देहरी दीगर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 मोटर साइकिल होण्डा के साथ गिरफ्तार किया गया।उक्त बरामदगी के संबंध में उपरोक्त अभियोग में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई एवंमोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# उद्यान विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजना का उठाएं लाभः सांसद

## दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का सांसद संगम लाल गुप्ता ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उद्यान विभाग प्रतापगढ़ द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास-पान विकास योजना के अन्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का तुलसी सदन (हादीहाल) में सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद द्वारा विभागीय स्टाल का अवलोकन भी किया गया।

सांसद संगम लाल गुप्ता ने कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुये कहा कि जनपद-प्रतापगढ़ की पहचान आवंला के साथ पान की खेती एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना के अन्तर्गत स्माल इण्डस्ट्रीज लगाने पर प्रोजेक्ट का 35 प्रतिशत अधिकतम रू0 10.00 लाख के अनुदान का लाभ उठाने हेतु कृषकों को प्रेरित करते हुए उद्यान विभाग की कार्यक्रम को सराहा। गोष्ठी में चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष शिव कुमार चैरसिया द्वारा पान की खेती में लगे हुए कृषकों की आर्थिक उन्नति हेतु सांसद से निवेदन किया गया कि चैरसिया समाज के लोग जिन तालाबों की मिट्टी एवं पानी का उपयोग पान की खेती में करते है उन तालाबों को चैरसिया समाज के लोगों के नाम पट्टा दिये जाने की व्यवस्था की जाये।

जिस पर सांसद ने इस हेतु अपना भरपूर समर्थन एवं प्रयत्न करने का आस्वाशन दिया। गोष्ठी में डॉ0 अतुल यादव असिस्टेन्ट प्रोफेसर फ्रूट साइंस कालेज आफ हार्टिकल्चर एण्ड फारेस्ट्री आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने पान उत्पादकों को तकनीकी जानकारी देते हुए सलाह दिया कि अच्छा



किसानों को पावर टिलर किट देते सांसद संगम लाल गुप्ता।

मूल्य पाने के लिए पान की ग्रेडिंग एवं पैकिंग का अच्छा स्तर अपनाया जाय तथा सांसद से उन्होंने निवेदन किया कि प्रतापगढ़ के पान की ब्रान्डिग भी करायी जाये, जिससे इसका निर्यात देश के बाहर भी निर्यात किया जा सके और पान उत्पादकों की आय में वृद्धि की जा सकें। डॉ0 विपीन कुमार वैज्ञानिक सीमैप लखनऊ द्वारा पान उत्पादकों को गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन करने की तकनीकी जानकारी दी गयी।

कृष्ण मोहन चौधरी उप निदेशक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा पान की खेती में आ रही विभिन्न समस्याओं के निदान एवं पान की खेती से अधिक से अधिक आय प्राप्त करने के गुण बताये गये। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बंध में जानकारी तथा विभागीय योजनाओं में दिये जा रहे अनुदान के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी।

सांसद ने उद्यान विभाग द्वारा अनुदानित पावर टिलर अजय कुमार वर्मा, अनिल कुमार तिवारी विकास खण्ड-सांगीपुर, राम सूरत वर्मा विकास खण्ड-आसपुर देवसरा को वितरित किया तथा पी0एम0एफ0एम0ई0 योजनान्तर्गत अंशू गुप्ता भगेसरा प्रतापगढ़ को धनराशि रू0 15.00 लाख, क्रान्ति दूबे को रू0 22.50 लाख, सूर्यकान्त पाण्डेय को रू0 9.00 लाख एवं असगर अली को रू0 3.60 लाख का ऋृण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

जनपद के प्रगतिशील कृषकों सूरज वर्मा द्वारा उत्पादित शिमर्ला मिर्च, अजय सिंह द्वारा उत्पादित शहद एवं पराग, संजय यादव द्वारा उत्पादित ब्रोकली को सांसद एवं अन्य अतिथियों को भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय किशोर उद्यान निरीक्षक खुशरूबाग प्रयागराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर के प्रतिनिधि आशीष कुमार मौर्य, उप कृषि निदेशक रघुराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी सिंह उपस्थित रहें। सुरेश कुमार चैरसिया प्रधान सेतापुर, शिव कुमार चैरसिया जिलाध्यक्ष चैरसिया समाज, माता प्रसाद चैरसिया, सुरेश कुमार चैरसिया, प्रदीप कुमार चैरसिया रामपुर बेला, राजेन्द्र प्रसाद चैरसिया सेतापुर आदि के साथ-साथ लगभग 225 पान उत्पादक कृषकों द्वारा गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी के आयोजन में योजना प्रभारी इन्द्रमणि यादव, नौशाद अहमद प्रधान सहायक, राज कुमार स0उ0नि0, सत्य भान सिंह स0उ0नि0, सुरेन्द्र कुमार स0उ0नि0, अरविन्द कुमार सिंह एवं वीरेन्द्र नारायण लाल एवं उद्यान विभाग के समस्त कर्मचारी द्वारा उपस्थित रहकर गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न कराया गया।

# सरोज चौराहा से देवकली मोड़ तक चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

## निमार्णाधीन सीसी रोड के अवरोध को बुल्डोजर से हटाया गया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका द्वारा अपने विस्तारित क्षेत्र सरोज चैराहा से देवकली मोड़ तक बनाई जा रही सीसी सड़क में आ रहे अवरोध को हटाने के लिये आज शुक्रवार को नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने नायब तहसीलदार सदर आनंद यादव जो मजिस्टेªट के रुप में आए थे, के साथ अपनी पूरी टीम लेकर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।

बताया जाता है कि निमार्णाधीन सीसी सड़क के बीच आने वाले चबूतरों, चहारदीवारों को बुल्डोजर से तोड़ दिया गया।



सड़क पर हुए अतिक्रमण को तोड़ता बुल्डोजर।

इससे क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि इस क्षेत्र में तीन दिन पहले अतिक्रमण हटाने की सूचना सार्वजनिक की गई थी लेकिन जिन लोगों ने स्थायी निर्माण कर अतिक्रमण किया था।

उनका आज चबूतरा और चहारदीवारी तोड़ी गई और सीसी सड़क का अवरोध खत्म किया गया। यह अतिक्रमण विरोधी अभियान शुक्रवार को अपरान्ह दो बजे से सरोज चैराहे से शुरू किया गया जिसमें बुल्डोजर, ट्रैक्टर के अलावा रोड गैंग के लोग हैमर व हथौड़ा लिये हुए थे। लगभग ढाई घंटे तक चले अभियान में निमार्णाधीन सीसी सड़क का रास्ता साफ कर दिया गया। इस अभियान में मजिस्टेªट व अधिषाषी अधिकारी के अलावा आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह के अलावा रोड गैंग के कर्मचारी शामिल थे।

## कार से टकराई नीलगाय, रेल कर्मी समेत छह जख्मी

**प्रतापगढ़।** मांगलिक कार्यक्रम से लौट रही अल्टो कार रास्ते में नीलगाय से टकरा गई। जिसमें प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर तैनात ट्रेन क्लर्क और उसका परिवार जख्मी हो गया। ग्रामीणों की मदद से सभी को कार से बाहर निकालकर मेडिकल कालेज भेजा गया। घायलों में ट्रेन क्लर्क गोविंद के अलावा मां तारा देवी, पत्नी नेहा, पुत्री योगिता और चाचा चाची शामिल हैं। जानकारी के अनुसार गोविंद परिवार संग जायस में शादी समारोह से घर कार से लौट रहा था। रात में अंतू इलाके के बिहारगंज में पेट्रोल पंप के पास अचानक से एक नीलगाय सड़क पर आई और बोनट से टकरा गई, जिससे कार असुंतलित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। रात में सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उसके बाद वे घर आ गए। गोविंद के अनुसार सभी को चोटें आई हैं।

# अधिवक्ताओं ने सांसद व विधायक का पुतला फूंककर जताया विरोध

## पट्टी तहसील के 124 गांव को सदर तहसील में जोड़ने का लेकर आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील के 124 गांव को हटाकर सदर तहसील में जोड़ने को लेकर अधिवक्ताओं का व्यापक विरोध प्रदर्शन तथा आंदोलन तीन दिन से जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता तथा सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्या का पुतला फूंका।

ट्टी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधारमण मिश्र ने आरोप लगाया कि यह कार्य वर्तमान सांसद संगम लाल गुप्ता तथा सदर विधायक राजेंद्र मौर्य की मिलीभगत के कारण पट्टी तहसील से 124 गांव को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक



सांसद व विधायक का पुतला फूंकते अधिवक्तागण।

उनकी मांगों को पूरा नहीं कर लिया जाता है। इस दौरान बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष सुरेश सिंह, रवि सिंह, मानस त्रिपाठी, अमित चैरसिया, अभिषेक सहित कई लोग मौजूद रहे।

## युवक को राड व लाठी डण्डों से किया लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के महिमापुर निवासी जयराम वर्मा के पुत्र ननकू वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस फरवरी को रात्रि आठ बजे तीरथ वर्मा पुत्र छोटे व राजेन्द्र वर्मा पुत्र तीरथ निवासी अज्ञात ने उसके पुत्र गेंदालाल को लोहे की राड व लाठी डण्डों से मारपीट कर अधमरा कर दिया। महिमापुर स्थित इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प के समीप हुई घटना मे घायल गेंदालाल को बेहोशी की हालत मे अस्पताल ले जाया गया है। घटना के दो दिन बाद गुरूवार की रात पीड़ित के पिता ननकू वर्मा की तहरीर पर दोनों आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियो की तलाश की जा रही है।

## सीबीएसई की अंग्रेजी विषय की परीक्षा मे बीस परीक्षार्थी अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अंग्रेजी विषय की सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें कुल पांच सौ छियान्वें परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि बीस परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। परीक्षा सेंण्ट जेवियर पब्लिक स्कूल के पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सम्पन्न हुई उक्त जानकारी केंद्र व्यवस्थापक एसएन त्रिपाठी ने दी है।

## विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम की मान्यता मिलने से प्रसन्नता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्र के खण्डवा स्थित मां विन्ध्यवासिनी पब्लिक स्कूल को कक्षा पांच तक की अंग्रेजी माध्यम की मान्यता हासिल हुई है। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता जतायी है। प्रबंधक रामविशाल उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र मे अंग्रेजी माध्यम की पढाई के लिए दूरदराज भटकने वाले छात्रो को स्कूल के संचालन से सुविधा मिलेगी। बीडीसी राजू सरोज, रामकृपाल उपाध्याय, दयाराम यादव, कन्हैया लाल, हीरा लाल, आनंद कुमार मिश्र, संजय सिंह, दिलीप गौतम आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## पाठ्यक्रम से बाहर का सवाल पूछने पर इसरो में आरटीआई दाखिल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इसरो के त×वाधान में आयोजित की गयी प्रशिक्षित स्नातक हिन्दी विषय की परीक्षा में पाठयक्रम से बाहर पूछे गये सवालों को लेकर अभ्यर्थी ने आरटीआई दाखिल किया है। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी सराय दलपत कोटवा शुकुलपुर निवासी विजय कुमार विश्वकर्मा ने आरटीआई के माध्यम से पूछा है कि इसरो ने जिस पाठयक्रम को विज्ञप्ति में घोषित किया था उससे बाहर के प्रश्नों को परीक्षा मे किस आधार पर सम्मिलित किया गया है। हालांकि परीक्षा संचालित करने वाली संस्था की ओर से अभी कोई जबाब नहीं दिया गया है।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना महेशगंज के उ0नि0 दीपक कुमार यादव, उ0नि0 हेमन्त कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0अ0सं0 471/18 धारा 498, 323, 504, 506 भादवि व 3/4 थाना जेठवारा प्रतापगढ़ से संबंधित वांछित अभियुक्त अव्दुल खालिफ पुत्र अव्दुल गफर निवासी महेशगंज मलेकिया थाना महेशगंज प्रतापगढ़ थाना जेठवारा प्रतापगढ़ से संबंधित वांछित अभियुक्त छेदीलाल पुत्र झगरु सरोज नि0 मिसवन मिया का पुरवा थाना महेशगंज प्रतापगढ़ उपरोक्त अभियुक्तगण को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## हाइवे पर रोडवेज बस व ट्रक में भिड़ंत बाल बाल बची सवारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे लखनऊ से प्रयागराज को जा रही रोडवेज डिपो की बस (यू पी 70 ई 5159) को 14 टायरा ट्रक (यूपी 36 टी 6972) ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बस चालक व परिचालक सहित कुछ लोगों को हल्की चोटे आ गईं थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी मच गई घटना की जानकारी मिलते ही मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुँची और मामूली रूप से घायलों को उपचार के लिए सीएससी भेजा। चालक पन्नालाल यादव पुत्र रामशंकर यादव निवासी महुली पूरे धनी प्रतापगढ़ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए ट्रक को थाने ले गई। घायल परिचालक राजू यादव पुत्र जयराम यादव नैनी प्रयागराज को उपचार के बाद छुट्टी दे दिया। सभी यात्रियों को दूसरी रोडवेज बस से गतंव्य स्थान के लिए भेजा गया। थोड़ी देर के लिए आवागमन बाधित हो गया जो बाद में बहाल हो गया।

## महिला मोर्चा मण्डल की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** महिला मोर्चा मंडल कुंडा की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम की बैठक महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुंडा वा महिला मोर्चा जिला मंत्री रूपा गौतम ने लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीम को संगठित बनाए रखना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा मंडल महामंत्री श्रीमती क्रान्ति पटेल ने किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष स्नेहलता श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष संजू तिवारी, मंडल मीडिया प्रभारी दरकसा बानो, मंडल मंत्री विमला पटेल, प्रभावती, कलावती व समस्त पदाधिकारीगण मौजूद रहीं।

## निमार्णाधीन पुल से आवागमन बाधित, परेशनी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार गाँव के विकास के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है तो दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारी सरकारी की सारी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं।

मामला विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत प्रतापगढ़ जलशाखा से है जहाँ बड़ी नहर से निकली पिथनपुर अल्पिका पर ग्राम पंचायत चंदापुर में महीनों से बन्द पड़ा निमार्णाधीन पुल शो पीस के रूप में दिखाई दे रहा है। निमार्णाधीन पुल के ठेकेदार ने कार्य शुरू करने के बाद अचानक काम



निमार्णाधीन पुलिया के बगल से रास्ता बनाकर जाते ग्रामीण।

बन्द कर दिया जिससे ग्रामीणो को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है किसी तरह राहगीर जान जोखिम में डालकर उक्त नहर पर निमार्णाधीन पुल के बगल नहर के बीच में ईंट भरकर किसी तरह गुजरने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# जिला स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन 4 मार्च को

## हमारी विरासत हमारा अभिमान पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी 4 मार्च को जिला स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन शासन के निदेर्शानुसार प्रस्तावित है यह जानकारी आज यहां नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर आयोजन समिति की बैठक में उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र समर बहादुर सिंह ने दी।

उपनिदेशक श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 11 सदस्यीय आयोजन समिति तथा 06 निर्णायक समितियो का गठन प्रस्तावित किया गया आयोजन समिति में उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र समर बहादुर सिंह अध्यक्ष विनय कुमार



नेहरु युवा केन्द्र पर आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

मिश्र लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सचिव तथा सदस्य के रूप में समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य प्रोफेसर पीयूष कांत शर्मा पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर.वी सिंह युवा कल्याण अधिकारी के.के सिंह प्राचार्य क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान प्राचार्य, आईटी.आई प्राचार्य, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह नेहरू युवा केंद्र के जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव जिला प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह को सदस्य नामित किया गया है। उपनिदेशक श्री सिंह ने बताया कि युवा उत्सव का विषय होगा हमारी विरासत हमारा अभिमान इस विषय पर युवाओं की भाषण प्रतियोगिता युवा संवाद ,सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रस्तावित है विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान अफीम कोठी में प्रस्तावित है इस अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रर्दशनी भी लगाई जाएगी।

## किशोरी की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने चार को भेजा न्यायालय

अखंड भारत संदेश

**फोटो वायरल के बाद किशोरी ने आग लगाकर किया था जान देने का प्रयास**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आपत्तिजनक फोटो वायरल होने पर किशोरी द्वारा आग लगाकर जान देने के प्रयास के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को लालगंज कोतवाली लाया गया जहां पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियो ने अपराध स्वीकार कर लिया। चारो आरोपियो को सीओ कार्यालय मे मीडिया के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद देर शाम आरोपियो को न्यायालय भेज दिया गया।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का पडोस के अजीम से प्रेम सम्बन्ध हो गया। इस दौरान प्रेमी ने किशोरी की आपत्तिजनक फोटो मोबाइल से खींच ली। यह फोटो उसके चचेरे भाई साबिर तक पहुच गयी। साबिर की मदद से धीरे धीरे यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। इससे आहत किशोरी लालगंज कोतवाली के जेवई गांव मे अपने परिजनो के साथ रहने आ गयी। इस बीच आपत्तिजनक फोटो किशोरी के परिजनो तक पहुंची तो लोगो ने उसे फटकार लगायी। फटकार के बाद किशोरी ने पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। उसका गंभीर हालत मे प्रयागराज के एसआरएन मेडिकल कालेज मे इलाज चल रहा है। मामले मे पीडिता की मां की तहरीर पर प्रेमी अजीम समेत छह के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज कराया गया है। मामले मे नामजद छह में से चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। फरार प्रेमी व एक अन्य आरोपी की तलाश मे पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। पीडिता का मजिस्टेट की मौजूदगी में अस्पताल जाकर पुलिस ने बयान भी दर्ज कर लिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे पर गुरुवार की बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मानिकपुर थाना क्षेत्र के रहमतअली का पुरवा के सामने मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी शबाब अली पुत्र एहतीशाम अली उर्फ रुस्तम (42) वर्षीय साइकिल से कपड़ा की फेरी लगाकर बेचने का काम करता है

गुरुवार की शाम घर से खाना खा पीकर रात लगभग 9 बजे साइकिल से टहलने निकला था जो देर रात तक घर वापस नही पहुँचा तो भतीजा सोएब आलम पुत्र सोराब अली ढूढने निकला जिसका पता नही चला सुबह जानकारी मिलीं की थाना क्षेत्र के पाल ढाबा के रहमत अली का पुरवा गाव के सामने सड़क पर एक शव खून से लथपथ पड़ा हुआ है जो किसी वाहन की चपेट में आ गया जिससे मौके पर मौत हो गई सड़क पर शव मिलने की जानकारी मिलने पर भागकर घटना स्थल पहुँचा शव देखते ही रोने चिल्लाने लगा पत्नी शव देखते ही दहाड़े मार मार कर रोने चिल्लाने लगी। मृतक के शादी के 15 साल हो गए मृतक के कोई औलाद नही है।

घटना स्थल पर मानिकपुर पुलिस भी पहुंच गई। शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेज दिया। मृतक के चाचा सोएब आलम ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर पुलिस को दिया। ग्रामीणों के मुताबिक घटना गुरुवार की रात 9 बजे की है। रात भर शव सड़क के किनारे पड़ा रहा जब कि मानिकपुर पुलिस की अपने थाना क्षेत्र में पिकेट डियूटी है जो रात भर गश्त करती है फिर भी सड़क पर रात भर लावारिश की तरह शव पड़ा रहा मृतक के परिजनों को शव मिलने की जानकारी शुक्रवार की सुबह सात बजे मिली।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### गजट मुनादी और अभियुक्त के घर चस्पा करने का न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** मुकदमा अपराध संख्या 241 सन 2007 की सुनवाई करते हुए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कौशांबी ने विवेचक को निर्देशित किया है कि अभियुक्त गण उमेश कुमार पुत्र राम चंद्र निवासी सझिया थाना चरवा जनपद कौशांबी वा अभियुक्त गण राम सिंह पुत्र रघुबीर चरवा जनपद कौशाम्बी के विरुद्ध अदालत द्वारा जारी आदेश अभियुक्त के घर पर चस्पा किया जाए मुनादी कराई जाए और गजट कराया जाए विवेचक को अदालत ने 30 दिन का समय दिया है विवेचक अफसाना खान आर्थिक अपराध अनुसंधान संस्थान लखनऊ के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर याचना की गई है कि अभियुक्त गणों के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 की कार्यवाही की जाए। इसके पहले भी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए 28 दिसंबर 2022 को विवेचक को निर्देशित किया था कि अदालत के आदेश की प्रति का गजट कराया जाए मुनादी कराई जाए और अभियुक्त के घर अदालत का आदेश चस्पा किए जाने का आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विवेचक को दिया गया था लेकिन विवेचक गजट मुनादी और अभियुक्त गण के घर पर अदालत का आदेश चस्पा नहीं कर सके जिस पर मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विवेचक को 30 दिन का समय देते हुए मुनादी गजट और अभियुक्त के घर पर अदालत का आदेश चस्पा करने का निर्देश दिया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला व उसके मासूम बेटे की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम, निमंत्रण खाकर अपने नंदोई के साथ वापस ससुराल लौट रही महिला हादसे की हुई शिकार

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली सीओ ऑफिस के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला और उसके मासूम पुत्र की मौत हो गयी ,पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक आज शनिवार लगभग साढ़े 11 बजे सुनीता देवी उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी जितेंद्र कुमार दिवाकर निवासिनी शहजाद पुर थाना कोखराज अपने नन्दोई बालचंद्र एवम मासूम बेटे कार्तिक उम्र लगभग डेढ़ वर्ष ,पुत्री देवांशी उम्र 4 वर्ष के साथ अपने नन्दोई की मोटरसाइकिल में बैठकर ससुराल शहजाद पुर जा रही थी कोतवाली सैनी के पास पत्थर तराशने वालों के दुकान के सामने कड़ा की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिससे बाइक चला रहे महिला के नन्दोई बालचंद्र और मृत महिला की पुत्री दिवांशी छिटकर दूर गिरे एवम महिला सुनीता देवी व उसका पुत्र कार्तिक पहियों के नीचे आ गए जिससे माँ - बेटे की कुचलकर


मां बेटे की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

दर्दनाक मौत हो गयी मौके पर राहगीरों का मजमा लग गया पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर को सैनी पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। महिला अपने मायके जनपद फतेहपुर धाता थाना क्षेत्र के टेकारी में अपने पारिवारिक भतीजी की शादी जोकि 23 फरवरी गुरुवार को थी उसी में शामिल होने गयी थी वापस ससुराल जाते समय ये दर्दनाक घटना हो गयी विभत्स घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है महिला का पति जितेंद्र कुमार सूरत शहर में प्राइवेट कंपनी में काम करता है।

# ट्रेन हादसे में अधेड़ की दर्दनाक मौत

### मरधरा गांव के सामने रेल लाइन पार करते समय हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** सांदीपन घाट थाना अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के मरधरा गांव के सामने हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर एक अधेड़ ब्यक्ति की ट्रेन की टक्कर लगने से मौत हो गई है जानकारी मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना परिजनों को मिली तो रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर स्थानीय चौकी मूरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची है और अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे शंकर लाल पासी पुत्र राम अवतार निवासी बदलेपुर मूरतगंज बाजार जा रहे थे जैसे ही वह मरधरा रेल लाइन के पास पहुंचे कि तेज गति ट्रेन की चपेट में अधेड़ आ गए ट्रेन की टक्कर लगने से उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई।


रेल लाइन पर ग्रामीणों की लगी भीड़

### बस स्टॉप पर परिवहन विभाग के बाबू की ड्यूटी के दौरान मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी बस स्टॉप पर कार्यरत परिवहन लिपिक की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जौनपुर मछलीशहर निवासी महेंद्र प्रसाद सरोज उम्र लगभग 40 वर्ष बहुत समय से सैनी बस स्टॉप पर लिपिक का कार्य देखते थे बीती शाम कुर्सी में बैठे बैठे वह लुढ़क गए मौजूद लोगों के शोरगुल जानकारी से पहुंची कोतवाली सैनी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है मौजूद लोगों के अनुसार उनकी मौत सम्भवतः हर्ट अटैक से हुई है गमशुदा परिजन मौके पर पहुंच गए है।

# हत्या के आरोप में जमानत पर छूटे आरोपी की संदिग्ध दशा में मौत

### पुलिस के पहुंचने पर लाश को उतारा गया परिजनों का कहना है कि मानसिक तनाव में लगाई फांसी

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बंगला पर मजरा कशिया पश्चिम गांव में प्रदीप कुमार राजपूत पुत्र सीता राम राजपूत की गुरुवार की रात्रि को लगभग 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है परिजनों द्वारा बताया जा रहा हैं कि वह जेल से आने के बाद गुमसुम रहता था लेकिन बात हजम होने लायक नहीं है सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक अभी एक माह पहले ही जेल से जमानत पर छूटा था यह अपने तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल हैं। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बंगला मजरा कशिया पश्चिम निवासी प्रदीप राज पूत उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र सीता राम के परिजनों ने बताया कि प्रदीप कुमार ने कमरे के छत में लगे चुल्ले में


अधेड़ की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

रस्सी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है जब मौके पर ग्रामीण और पुलिस पहुंची तो प्रदीप के पैर जमीन पर टिके थे। आखिर इसका जवाब भीड़ के बीच कोई नहीं दे सका है जिसे आत्महत्या बताया जा रहा है कही हत्या तो नहीं है। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दबी जुबान से ग्रामीणों ने बताया कि प्रदीप राजपूत का ककोढा की हत्या से भी तार जुड़ा था जिसमें वह जेल भी गया था । मौत कैसे हुई है इस पर ग्रामीण जुबान नहीं खोलना चाहते है फांसी की मौत संदिग्ध बताई जाती है।

# लघु बचत भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ : शाखा प्रबंधक

### योगा के साथ शुरू हुआ सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का आरंभ सुबह योगा के साथ में हुआ 'नाश्ता करने के उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाल राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को लोगों से बताया गया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लघु बचत एवं बैंकिंग की उपयोगिता का प्रचार प्रसार स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया है भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र का प्रारंभ मुख्य अतिथि यूको बैंक के प्रबंधक संदीप कुमार द्वारा प्रारंभ हुआ' उन्होंने बताया कि लघु बचत भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है ,यह हमारी विभिन्न आर्थिक समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक है ,इसके साथ साथ बैंक द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया ' तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि डॉ शैलेश मालवीय ने लघु बचत पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया ' इस अवसर पर डॉक्टर अनिल कुमार डॉक्टर तरित जयसवाल, डॉ भावना केशरवानी ,डॉ अमित कुमार ,डॉक्टर संतोष कुमार साहनी सहित स्कूल के छात्र छात्राएं अध्यापक आदि लोग उपस्थित रहे।






एनएसएस कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य व अन्य रैली के माध्यम से प्रचार करतीं स्कूली छात्र-छात्राएं

## न्यूज झरोखा

### एक सप्ताह के अंदर हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

#### फरार चार हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया पच्चीस पच्चीस हजार का इनाम



**कौशाम्बी।** एक सप्ताह पूर्व कौशांबी थाना क्षेत्र के बरमबारी गांव में खेत जा रहे अधेड़ की बेरहमी से हत्या कर दिए जाने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है उसके कब्जे से चोरी किए गए एक हजार रुपए की रकम भी पुलिस ने बरामद की है लिखा पढ़ी करने के बाद गिरफ्तार हत्यारोपी को पुलिस ने अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है घटना के चार हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने पच्चीस पच्चीस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है। घटनाक्रम के मुताबिक 17 फरवरी की रात शिवकुमार उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी बरमबारी की खेत जाते वक्त बेरहमी से कत्ल कर दिया गया था शिवकुमार की हत्या करने के बाद उसके घर पहुंचे हत्या आरोपियों ने लूटपाट भी की थी मामले को पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम को सक्रिय किया करारी कोतवाल और कौशांबी कोतवाल ने संयुक्त रूप से पुलिस फोर्स के साथ हत्या में शामिल अभियुक्तों का नाम प्रकाश में लाते हुए एक हत्या अभियुक्त गोविंद पुत्र गोपी निवासी बराई बन्धवा थाना करारी को गिरफ्तार कर लिया है हत्या के मामले में प्रकाश में आए चार अन्य अभियुक्तों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है पुलिस अधीक्षक ने फरार चारों हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी पर पच्चीस पच्चीस हजार रुपए का पुरुस्कार घोषित किया है।

### गांव में चौपाल लगाकर अधिकारियों ने जनता की सुनी समस्याए



**करारी कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के पारा हसनपुर गांव में अधिकारियों ने गांव चौपाल का आयोजन किया जहां ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों ने सुना उसके निस्तारण के लिए निर्देशित किया ग्राम चौपाल के आयोजन में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एडीओ पंचायत कमला कान्त मिश्रा,ग्राम विकास अधिकारी राम प्रसाद,पंचायत सहायक मित्र प्रियंका देवी,कानूनगो सरफराज हुसैन,लेखपाल सरोज दुबे,कृषि विभाग से स्वर्ण सिंह बीज विभाग अधिकारी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायत चौपाल में मौजूद रहे इस दौरान ग्रामीणों ने हैंडपंप मरम्मत कराए जाने की मांग की विधवा विकलांग पेंशन स्वीकृत कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने की ग्राम चौपाल के आयोजन में 4 ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर समस्या निस्तारण की मांग की।

### कुकर्म के दो आरोपियों को करारी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**करारी कौशांबी।** करानी थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब म्योहर गांव के पास से पुलिस ने कुकर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक बताया जाता है कि करारी क्षेत्र के एक मासूम बालक के साथ 2 दिन पहले दो युवकों ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद सत्येंद्र कुमार पुत्र दौलतराम वा मैना पुत्र रामचन्द्र निवासी म्योहर नामजद आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही थी करारी उपनिरीक्षक अजीत कुमार उपाध्याय ने पुलिस फोर्स के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी सत्येंद्र कुमार पुत्र दौलतराम वा मैना पुत्र रामचन्द्र निवासी म्योहर को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें अदालत में पेश किया है।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू में एक दिवसीय जागरूकता का आयोजन

**कौशाम्बी।** विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.)के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता का आयोजन 24 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू कौशांबी में किया गया जागरुकता अभियान में उपस्थित लोगों को योजना से संबंधित जानकारी अधिकारियों ने दी है जागरूकता अभियान में प्रधानाचार्य के के राम एवं आई.टी.आई. मंझनपुर प्रधानाचार्य एस के शुक्ला एवं कौशल विकास मिशन के प्रबंधक अविनाश श्रीवास्तव तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जितेंद्र कुमार चौधरी सहायक प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा सिराथू एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कौशांबी व कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई नवदिवसीय श्रीराम कथा

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक अंतर्गत कैमा धमावा अघोरी बाबा आश्रम में आज से नवदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में आसपास के गांव के दर्जनों नर नारी शामिल हुए और सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर अघोरी बाबा आश्रम के महंत और कार्यक्रम के आयोजक त्यागी जी महराज ने लोगो को कार्यक्रम में शामिल होने एवं तन मन धन से कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। गौरतलब है कि कैमा धमावा के पास अघोरी बाबा आश्रम में आज से नवदिवासीय श्रीराम यज्ञ, श्रीराम जानकी मूर्ति प्रतिष्ठा, नव दिवसीय श्रीराम कथा एवं वृहत भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में बटुक जी महराज चित्रकूट धाम से एवं अंतर्जनपदीय यज्ञाचार्य पधारे हुए हैं। कार्यक्रम आयोजक त्यागी जी महाराज ने बताया कि लोक कल्याण, लोक मंगल की भावना से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज के कलश यात्रा में रवि सिंह, अजय सोनी, महेश शर्मा, संजय मौर्य, हुबलाल, मिथुन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# करारी क्षेत्र की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : नजमुल हसन




**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता नजमुल हसन रिजवी ने करारी कस्बा सहित क्षेत्र की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन लूट, हत्या दुराचार, बलात्कार जैसी घटनाओं से जनता अपने आप को असुरक्षित पूरी तरह महसूस कर रही है जहां एक तरफ महंगाई से जनता परेशान है और आवारा पशुओं से किसान परेशान है वहीं दूसरी तरफ बढ़ रहे अपराधों से जनता पूरी तरह भयभीत है नजमुल हसन रिजवी ने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि करारी कस्बा एवं करारी क्षेत्र में बढ़ रहे लगातार अपराधों से गरीब किसान मजदूर भय के माहौल में जीवन व्यतीत कर रहा है। न बच्चे सुरक्षित है, न महिलाएं सुरक्षित है गरीब किसान मजदूर न्याय पाने के लिए ठोकर खा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कानून का राज नहीं अपराधियों और असामाजिक तत्वों का राज चल रहा है उन्होंने कहा कि 2 माह के अंदर कई हत्याएं कई लूट, कई दुराचार, कई बलात्कार, कई छिनैती लगातार हुई है करारी कस्बा में पुलिस गश्त बिल्कुल बंद है चोरों के आतंक से गरीबों व्यापारियों का जीना दूबर हो गया है कस्बा इंचार्ज बिपलेश सिंह अवैध वसूली में सारा दिन मस्त रहते हैं। श्री नजमुल हसन ने करारी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराधों पर एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र ठोस कार्रवाई किए जाने एवं फेरबदल की मांग की है बैठक में मौजूद मोहम्मद चमन, अशरफ हुसैन, रामनारायण सरोज, जगलाल कोरी रामप्रकाश गौतम, इंद्रल प्रसाद मौर्या, राजेश सिंह पटेल, छेदी चौरसिया, सखावत उर्फ बनने मियां, अब्दुल कवि, अब्दुल अली, हरीश चंद्र विश्वकर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# 14 लाख का सीमेंटेड नाला, 20 माह पहले टेण्डर ! क्या अभिलेखों में ही बन गया

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** विध्वंश नालियां,उसमें से बहता बदबूदार पानी,फैलता कीचड़ क्या यही है पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत जी हाँ आइए नगर पंचायत अझुवा और देखिए यहाँ के जिम्मेदारों की कारस्तानी! पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना से आच्छादित नगर पंचायत अझुवा में भ्रष्टाचारियों की पराकाष्ठा है यहाँ के जिम्मेदार नगर पंचायत का विकास छोड़िए सिर्फ अपना विकास में लगे रह गए हैं,नगर पंचायत अझुवा में प्रत्येक विकास का कार्य केवल अभिलेखों में ही दर्ज रहता है जिम्मेदारों को सिर्फ अपने कमीशन से मतलब है। नगर विकास विभाग लखनऊ द्वारा 31 मार्च 2021 को आदर्श नगर पंचायत अझुवा को पंडित दीन दयाल आदर्श योजना में सम्मिलित कर 3 करोड़ की धनराशि प्रशासकीय एवम वित्तीय स्वीकृत प्राप्त हुई । 10/5/2021 को नगर प्रशासन ने विकास हेतु कई ई -टेंडररिंग किया जिसमें

### भ्रस्टाचार की पराकाष्ठा में डुबा आदर्श नगर पंचायत अझुवा ! क्या जागेंगे जिम्मेदार, नगर प्रशासक सिर्फ पत्रावलियों पर चिड़िया बिठाने में मशगूल



14 लाख रुपये से अधिक धनराशि की शायरी माता तिराहे से टेण्डरी तिराहे तक सीमेंटेड नाला का टेंडर भी हुआ लेकिन 20 माह गुजर गए आज भी नाला तो छोड़िए उसका कीचड़ साफ सफाई भी नही हुई ।वहीं नगर पंचायत अझुवा के वार्ड 12 नयानगर के कुछ प्रबुद्ध लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की !किंतु नतीजा वही ढाक के तीन पात!!! नगर पंचायत वार्ड 12 वार्ड वासियों के अनुसार अभिलेखों में हेराफेरी कर धन का बंदरबांट कर लिया गया है जब इस सम्बंध में अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने फोन पर बात करने पर बताया कि सम्बंधित फर्म और ठेकेदार को नोटिस दी गयी है। यदि 7 दिनों के अंदर ठेकेदार कार्य नही शुरू करवाता तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी बड़ा सवाल 20 माह से अब तक कार्य क्यों नही हुआ,नगर पंचायत प्रशासन कही बंदर बांट की फिराक में है क्या? आखिर प्रशासक का क्या कार्य है। जांच क्यों नही होती।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

### निर्माण कार्यों व फिनीशिंग कार्यों को तेजी लाने व पूर्ण कराने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने अकेडमिक बिल्डिंग के तहत लेक्चर हाल, लाईब्रेरी व ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्ययोजना बनाकर और मैनपॉवर लगाकर निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रशासनिक भवन, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण कार्यां की प्रगति के निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी फ्लोर पर एक साथ टाइल्स एवं फिनीशिंग का कार्य कराया जाय, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हों सकें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा की निर्माण कार्यों की प्रगति की निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट


निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम

करते हुए और मैनपॉवर लगाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज श्री के0के0 श्रीवास्तव को नियमित पर्यवेक्षण करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सी0एम0एस0 को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही निष्प्रयोज्य सामग्रियों को मानक के अनुसार निस्तारित कराने के निर्देश दियें निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं ई0ओ0 मंझनपुर सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केन्द्र का निरीक्षण कर कूड़ा प्रबन्धन के संचालन को डीएम ने कराया प्रारम्भ

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आज नगर पालिका परिषद मंझनपुर में नगर के कूड़ा प्रबन्धन के लिए निर्मित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केन्द्र का निरीक्षण कर कूड़ा प्रबन्धन के संचालन को प्रारम्भ कराया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अधिशासी अधिकारी मंझनपुर ने निरीक्षण के दौरान बताया कि एमआरएफ सेन्टर शासन द्वारा स्वीकृत 33.67 लाख की धनराशि से निर्मित कराया गया है, जिसमें प्रतिदिन 10 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण नियमित रूप से किये जाने की क्षमता हैं। एमआरएफ सेन्टर में गीला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा की पृथक व्यवस्था है। नगर में प्रतिदिन डोर-टू-डोर कूड़ा गाड़ी से कूड़ा इकट्ठा कर एमआरएफ सेन्टर में निर्मित प्लेटफार्म पर मशीनों द्वारा कूड़े की छटनी कर सूखे कूड़े से प्लॉस्टिक, कॉच, लकड़ी, लोहा एवं अन्य सामग्रियों को अलग कर उसका विविध रूप में प्रयोग किया जायेंगा। इसी प्रकार गीले कूड़े को निर्मित 08 कम्पोस्टिंग पिट में क्रमिक ढंग से कम्पोस्टिंग कर खाद बनायी जायेंगी, जिसका प्रयोग निकाय द्वारा पेड़-पौधों एवं गौशालाओं में संरक्षित गोवशों के हरे चारे के उत्पादन में किया जायेंगा तत्पश्चात



जिलाधिकारी ने नगर पालिका मंझनपुर के पुराने बस अड्डा परिसर में निर्मित अस्थायी सब्जी मण्डी स्थल का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि सब्जी मण्डी में 100 लोगों के एक साथ बैठने के लिए फुटपॉथ पटरी के साथ आवागमन के लिए सड़क का निर्माण किया गया है। सब्जी मण्डी के संचालन के लिए हैण्डपम्प एवं पानी की टोंटी के साथ ही विद्युतीकरण व सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि सब्जी मण्डी की नियमित साफ-सफाई करायी जाय तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किया जाय ।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संपादकीय

# दुनिया की सर्वोत्तम शक्तिशाली दवा खुशी

**वैश्विक** स्तरपर ऐसा कोई मानवीय जीव नहीं होगा जो खुश रहना ना चाहता हो, बल्कि आज के डिजिटल युग में खुशियां पाने की होड़ सी लग गई है। मेरा मानना है कि आज खुशी पाने के लिए मानवीय जीव हद से बेहद तक कोई भी कार्य करने के लिए तत्पर रहता है, इसके लिए चाहे अनेकों मानवीय जीवों को अति नहीं बल्कि विभिशक दुखी भी क्यों ना करना पड़े, परंतु सुख और खुशी जो कई बार हमारे प्रतिष्ठा, रुतबा, नाम नेतृत्व और नाक को भी आधार बना देता है। याने यह सब हमारे पक्ष में होने पर ही हमें खुशी मिलती है। इस प्रकार की खुशी को अगर हम वर्तमान में दो देशों की एक वर्ष से चल रही लड़ाई के एंगल से देखें तो ऐसा महसूस होता है कि दोनों की खुशी, जीतने में ही है अभी एक दिन पहले ही दुनिया के शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति नें उस देश मैं एंट्री करने और अन्य शक्तिशाली देश ने वैश्विक परमाणु विध्वंसक गतिविधियां देखने की ट्रिटी को तोड़कर उसका जवाब दिया जिससे दोनों देशों के नाक की लड़ाई दुनिया को खाक करने से खुशी की ओर चल पड़ी है परंतु इसका सटीक वाक्य किसी ने लिखा है, खुशी पैसों लड़ाई वर्चस्व और रुतबे से नहीं बल्कि परिस्थितियों माहौल सृष्टि हित पर निर्भर करती है। कोई अगर नसीब से शक्तिशाली है तो खुश नसीब नहीं हुआ बल्कि जो अपने नसीब से खुश है वह खुशनसीब है, क्योंकि दुनिया की सर्वोच्च शक्तिशाली दवा खुशी है, इसलिए खुश रहो, मस्त रहो, मुस्कुराते रहो। साथियों बात अगर हम खुशियां पैसों पर नहीं परिस्थितियों पर निर्भर होने की करें तो, अगर हमारी परिस्थितियां बेकार है तो पैसा भी हमको खुश नहीं कर सकता। जैसे अगर हमारे घर में कोई बीमार है, हमारे घर की सिचुएशन बहुत बेकार हमारे घर में सब कुछ ठीक नहीं है, झगड़े होते है तो पैसा उस परिस्थिति को ठीक नहीं कर सकता। ऐसी जगह पर पैसा भी काम नहीं आता है तो इस हिसाब से यह कहना मुश्किल है कि पैसों पर खुशियां निर्भर करती है। पैसों से घर खरीद सकते हैं, पर उसमें रहने वाला परिवार खरीदा नही जा सकता। परिवार का प्यार तक पैसों से खरीदा जा सकता है। परंतु उस प्यार की सच्चाई तथा गहराई को खरीद पाना नामुमकिन। रिश्ते पैसों के दम पर बनाये जा सकते हैं। पर मोल देकर बनाये रिश्तों को कायम रखना मुश्किल है। धन आराम की व्यवस्था कर सकता है, मन का चैन की नही।जीवन को सुविधाजनक बनाने की हर वस्तु खरीदी जा सकती है, परंतु उससे मिलने वाली खुशी व्यक्ति के बस में नही होती। खुशी व्यक्ति के अंदर होती है। उसे खरीदा नही जा सकता। साथियों बात अगर हम हमारे लिए खुशी के मतलब की करें तो, खुशी का मतलब, हम जो भी हैं, जैसे भी हैं, हर हाल में अपनी स्थिति से संतुष्ट रह कर खुश रहना ही खुशी है।हम किसी को प्यार करें, कोई हमसे प्यार करे, यह खुशी के लिए आवश्यक है। जो लोग विभिन्न कारणों से खुश नहीं रहते, उन्हें छोटे बच्चों तथा पशु पक्षियों से प्रेरणा लेकर सदैव खुश रहने का प्रयास करना चाहिए।वर्तमान समय में हम संचार के साधनों जैसे, मोबाइल तथा दूसरी सुख सुविधाओं के इतने अभ्यस्त हो गए हैं कि, उनके न रहने पर हमें दुख का अनुभव होता है।

# हिंदी भाषा साहित्य को वैश्विक स्तर पर किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं

**संजीव**

**हिंदी** भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है।

# फ्री की बजाय गरीबों का आर्थिक स्वावलम्बन जरूरी

**ललित गर्ग**



**आजादी** के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय। भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती हुई खाई का सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है। लेकिन मोदी सरकार बिना शोर-शराबे के गरीबी उन्मूलन के मिशन पर लगी है।

नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत के लिये संघ प्रयासरत है। संघ के प्रयासों से भी गरीबी दूर करने के लिये सकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। भारत के गरीब बढ़ती महंगाई के कारण अधिक परेशानी झेलते हैं। भारत में मुद्रास्फीति दर पिछले दस महीनों से केंद्रीय रिजर्व बैंक के ऊपरी सहनशीलता स्तर (6 प्रतिशत) से अधिक रही है। वैश्विक बाजारों में राजनीतिक एवं कोरोना महामारी से आई उथल-पुथल और उससे आपूर्ति शृंखला में आए व्यवधान इसका प्रमुख कारण हैं। बढ़ती महंगाई से मध्यमवर्गीय परिवारों की पूंजी में गिरावट आई है, जिससे यह वर्ग गरीबी के चपेट में आया है तथा गरीब वर्ग और गरीब हुआ है। बढ़ती बेरोजगारी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। वैश्विक महामारी के बाद सबसे अधिक बेरोजगारी असंगठित क्षेत्र में फैली है, क्योंकि इस क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रहते हैं और उन पर श्रम कानून लागू नहीं होते। इस श्रेणी में, प्रधानतः छोटे व लघु उद्योग आते हैं। जाहिर है कि इन परिस्थितियों में महंगाई एवं बेरोजगारी के समाधान गरीबी उन्मूलन में मील का पत्थर हो सकते हैं।

> **कल्याणकारी योजनाओं व आर्थिक संबल के अलावा भी देश को स्वावलम्बी बनाने, महंगाई व बेरोजगारी की चुनौतियों के दक्षतापूर्ण एवं कुशल प्रबंधन की जरूरत है। आज जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है**

महंगाई का समाधान एक ज्वलंत मुद्दा है, मौद्रिक मोर्चे पर केंद्रीय रिजर्व बैंक के प्रयासों के अतिरिक्त केंद्र व राज्य सरकारों से और अधिक प्रयास अपेक्षित हैं जैसे उत्पादन शुल्क, वैट आदि करों में कटौती, आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर रोक, आयात में सीमा शुल्क कटौती द्वारा सरलीकरण, बड़े औद्योगिक एवं व्यापारिक घराने की बजाय निचले स्तर पर व्यापार एवं उद्यम को प्रोत्साहन इत्यादि। इससे गरीब की जमा-पूंजी व आय सुरक्षित होगी और उसके गरीबी रेखा से बाहर आने का रास्ता तैयार होगा। जापान एवं चीन जैसे देशों की तरह भारत के हर नागरिक को उत्पाद एवं उद्यम से जोड़ना होगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाओं का लाभ अधिकाधिक युवाओं एवं गरीब तबके तक पहुंचे। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए सघन प्रौद्योगिकीकरण को अपनाया जाए तथा खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, कुटीर उद्योग, ग्रामीण गैर-कृषि रोजगार, कृषि अनुसंधान आदि में निवेश को बढ़ावा मिले। एक और प्रभावी कदम उठाये जाने की भी अपेक्षा है, और वह है श्रम कानूनों में उदारीकरण द्वारा बड़े व श्रम प्रधान उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए। यह उत्साहवर्धक है कि हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से महत्त्वाकांक्षी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लाई गई है। मनरेगा की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर की शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करना भी लाभदायक हो सकता है। निजी क्षेत्र द्वारा निवेश एवं रोजगार को प्रोत्साहित करना भी सकारात्मक परिणाम देगा। इन कदमों से गरीबी की रेखा से लोगों को ऊपर उठाने में मदद मिलेगी एवं आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कल्याणकारी योजनाओं व आर्थिक संबल के अलावा भी देश को स्वावलम्बी बनाने, महंगाई व बेरोजगारी की चुनौतियों के दक्षतापूर्ण एवं कुशल प्रबंधन की जरूरत है। आज जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, जरूरी है कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के वंचित और शोषित वर्ग तक सुलभ हो। दिल्ली में सत्ता के गलियारों में अधिकारियों के बीच जारी सुगबुगाहटों की मानें तो दिसम्बर 2023 तक जारी होने वाली रिपोर्ट में गरीबी के आंकड़ों में गिरावट से दुनिया हैरान हो जाएगी।

# बचो आफताब और साहिल जैसे दरिंदों से

**आर.के.सिन्हा**

अब यकीन मानिए कि इन दिनों सुबह सोकर उठने के बाद अखबार पढ़ने में डर सा लगने लगता है। प्रतिदिन इतनी भयानक खबरें छपती हैं कि दिल दहल जाता है। कभी-कभी तो लगता है कि हमारे आसपास ही कुछ पौराणिक काल के राक्षस घूम रहे हैं। हां, उनके चेहरे-मोहरे सामान्य मनुष्यों की तरह के ही हैं। इनके लिए किसी का कत्ल करना सामान्य सी बात है। ये अपने किसी परिचित के शरीर के टुकड़े- टुकड़े करने से जरा सा भी विचलित नहीं होते। ये उसे ही मार डालते हैं जिनसे इन्होंने शादी करने का वादा किया होता है या झूठी शादी रचाई होती है । राजधानी दिल्ली में कुछ समय के दौरान हुए दो ऐसी घटनाओं पर गौर करें। पहला केस श्रद्धा वाकर तथा आफताब पूनावाला का है। ये दोनों मुंबई के रहने वाले थे और नौकरी करने का बहाना बनाकर दिल्ली आ गए थे। शादी किए बगैर ही साथ-साथ रह रहे थे। इनके पड़ोसियों को लगता था कि ये पति-पत्नी हैं। इनके बीच में आपस में इस तरह का क्या हुआ कि इस आफताब ने श्रद्धा को निशंसतापूर्वक मारकर टुकड़े-टुकड़े कर डाले । उसके बाद उसने उसके कटे हुए अंगों को साउथ दिल्ली के सुनसान इलाकों में फेंक भी दिया। सबसे हैरानी की बात यह है कि उसमें किसी तरह का अपराधबोध तक नहीं है। उसने पुलिस से पूछताछ के दौरान एक बार भी यह नहीं कहा कि उसे अपने कृत्य पर अफसोस है। अब दूसरा केस लीजिए। राजधानी में साहिल नाम के एक शख्स ने अपनी मित्र निक्की यादव का कत्ल करके उसके शव को अपने फ्रीज में रख दिया। इतने जघन्य कांड को अंजाम देने के बाद साहिल ने एक अन्य लड़की से विवाह भी रचा लिया। यानी उसने एक को मार दिया और दूसरी लड़की का जीवन तबाह कर दिया। श्रद्धा और निक्की यादव जैसी लड़कियों के साथ सहानुभूति रखते हुए इतना तो कहना ही होगा ये बदनसीब लड़कियां सच्चा दोस्त पहचान पाने में असफल रहीं। ये पढ़ी-लिखी थीं। ये आफताब तथा साहिल को पहचान पाने में नाकामयाब रहीं। आखिर आफताब और साहिल में वे कौन से गुण थे जिनके चलते श्रद्धा तथा निक्की ने अपने घरवालों तथा समाज की परवाह किए बगैर अपना सब कुछ अपने इतने धूर्त मित्रों को समर्पित कर दिया ? आपको वयस्क होने पर अपना करियर से लेकर जीवन साथी चुनने का अधिकार तो निश्चित रूप से है। इस मसले पर कोई विवाद नहीं है। पर आपको यह फैसला बहुत सोच समझकर लेने होंगे। आप भावनाओं में बहकर कोई भी कदम नहीं उठा सकते। अगर आप आँखों में पट्टी बांधकर फैसले लेंगे तो नतीजे ऐसे ही भयानक आ सकते हैं। यही तो श्रद्धा और निक्की यादव के साथ हुआ। जैसा कि पुलिस ने बताया कि श्रद्धा के पिता ने अपनी बेटी को बहुत समझाया भी था कि वह आफताब से संबंध न रखे। श्रद्धा के पिता को उसमें तमाम कमियां-खामियां नजर आ रही थीं। उन्होंने जिंदगी को करीब से देखा था। उन्हें समझ आ रहा था कि वह संदिग्ध किस्म का इंसान है। पर श्रद्धा ने अपने पिता की एक नहीं सुनी। उनकी नेक सलाह को दरकिनार करते हुए आफताब से संबंध बनाए रखने का फैसला लिया और अपने माता-पिता का घर तक छोड़ दिया। उसके बाद जो कुछ हुआ वह सबको पता चल चुका है। निक्की यादव की कहानी भी लगभग श्रद्धा ही तरह है। पता नहीं रोज कितनी मासूम श्रद्धा और निक्की उस जाल में फंसती हैं जिन्हें आफताब और साहिल जैसे राक्षस दिल आपराधिक प्रवृति वाले लड़के बिछाते हैं। ये लड़के सीधी-सरल लड़कियों को झूठे वादे करके उनका विश्वास जीत लेते हैं। दरअसल बीते बीस-पच्चीस सालों के दौरान पढ़ने या नौकरी करने के लिए हजारों-लाखों लड़कियां छोटे शहरों से महानगरों में शिफ्ट कर रही हैं। ये प्रतियोगी परीक्षाएं भी दे रही हैं। अगर बात दिल्ली की करें तो यहां बिहार, झारखंड और उड़ीसा की हजारों बेटियां हर साल आती हैं। ये यमुना पार के इलाकों में भी काफी संख्या में रहती हैं। आप कभी द्वारका से वैशाली जाने वाली मेट्रो रेल में सफर कीजिए। आप लक्ष्मी नगर और निर्माण विहार में मेट्रो रेल के हरेक फेरे में दर्जनों लड़कियों को चढ़ते उतरते हुए देखेंगे। बैंगलुरू,चेन्नई और पुणे में भी देश भर से लड़कियां नौकरी के लिए पहुंच रही हैं। ये तीनों महानगर तो देश की आईटी राजधानी हैं ही। इसलिए वहां पर सारे देश के नौजवान भी जाते हैं। महानगरों में आते ही इन्हें एक नए संसार से साक्षात्कार होता है। इधर इनका कोई परिचित नहीं होता। ये लड़कियां आपस में एक साथ रहती हैं। इनके खाने-रहने की भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। इन परिस्थितियों में इनका शोषण करने वाले शातिर तत्व प्रकट हो जाते हैं।

दरअसल घर के सुरक्षित माहौल से बाहर किसी शहर में जाकर जिंदगी को शुरू करना आसान नहीं होता। ये लड़कियां खतरनाक किस्म के तत्वों के निशाने पर रहती हैं। देखिए नौकरी और शिक्षा के लिए लड़के झलड़कियां घर से तो निकलेंगी ही। उसे रोकना मुश्किल है क बेटियां भी पढ़ लिखकर आसमान छूने का तमन्ना रखती हैं क इसमें कोई हर्ज भी नहीं है क बेहतर रोजगार तथा स्तरीय शिक्षा के अवसर तो बड़े शहरों तथ महानगरों में ही उपलब्ध हैं। इसलिए महानगरों में आने वाले लड़कियों को खासतौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। महानगरों में करोड़ों की आबादी के बावजूद इंसान अकेला है। संकट में उसके साथ कोई नहीं होता। यहां पर नाच-गाने की पार्टियों में लोग खुशी-खुशी आ जाते हैं। पर अगर किसी पर भगवान न करे, कोई संकट आ गया तो फिर लोग साथ खड़े नहीं होते। सच्चाई यह है कि महानगरों के समाज का हिस्सा बनने में सालों लग जाते हैं। कुछ समय पहले राजधानी के एक शीर्ष पुलिस अफसर बता रहे थे कि उनके थाने में उन लड़के-लड़कियों के झगड़े से जुड़े केस बहुत आते हैं जो कई-कई महीनों से तो साथ-साथ रह रहे होते हैं। उसके बाद उनके तकरार और मारपीट शुरू हो जाती है। फिर मामला पुलिस के पास पहुंचता है। ये साथ-साथ रहने वाले लोग स्थानीय नहीं होते। ये दिल्ली के बाहर से आए होते हैं। कुल मिलाकर बात ये घर से बाहर पराए शहरों में नौकरी करने के लिए जाने वाली लड़कियों को आफताब तथा साहिल जैसे दरिंदों से बचना होगा। इन लड़कियों के माता-पिता, भाई-बहनों, सगे-सम्बन्धियों को इनके संपर्क में प्रतिदिन रहना होगा और संकट का आभास होते ही इनके पास तुरंत पहुंचना होगा कघर से संपर्क का तार टूटा कि लड़कियां राक्षसों के चंगुल में फंसीं क

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# खतरनाक करवट लेता रूस-यूक्रेन युद्ध...!

**ऋतुपर्ण दवे**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन के मिशन सीक्रेट का खुलासा होने और रूस द्वारा युध्द कभी न जीत पाने की चुनौती से यूक्रेन संकट जल्द खत्म होता नहीं दिखता। तीसरे विश्व युध्द की ओर बढ़ती लड़ाई अब और बड़ी होगी। कभी जिस युध्द को हफ्ते-पन्द्रह दिन में खत्म होने की बातें थी उसे अब साल पूरा रहा है। ऊपर से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का रात के अंधेरे में पहले हवाई सफर फिर 10 घण्टे की उबाऊ ट्रेन यात्रा कर यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचना ही दुनिया के लिए हैरानी भरा है। बिना सूचना, चुनिंदा भरोसेमंद पत्रकारों को साथ लेकर गोपनीय तौर पर रात में निकले बाइडेन की जोखिम भरी यात्रा अब दुनिया के लिए बहुत बड़ी जोखिम की शुरूआत लग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का उस जगह होना जहां कभी भी रूस मिसाइलों का अटैक हो सकता है। उससे भी बड़ा यह कि यूक्रेनी हवाई आक्रमण का न तो अमेरिकी फौज के पास नियंत्रण है और न ही खुद यूक्रेन के पास, बड़ा इशारा है। इन हालातों में एक ताकतवर देश के राष्ट्रपति का युध्द विभीषिका से गुजर रहे देश की राजधानी यूं चुपचाप पहुंचना बड़े संकेतों से कम नहीं है। बाइडेन का यह बयान भी बेहद मायने रखता है जिसमें वो लोकतंत्र, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दुहाई खातिर अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताने कीव पहुंचना बताते हैं। बाइडेन के जाते ही सभी की निगाहें रूस पर आ टिकीं कि पुतिन का क्या जवाब होगा? बिना देरी किए पुतिन ने भी मंगलवार को अमेरिका को काफी भला बुरा कहा। यूक्रेन में भी सीरिया-ईराक जैसा खेल कराने की बात कहते हुए पश्चिमी देशों का रूस की संस्कृति पर हमला बताया। वहीं बाइडेन लौटते हुए पोलैण्ड से ही रूस पर जुबानी जंग तेज करते हुए कहने से नहीं चूके कि हर हालत में हम यूक्रेन को साथ देंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश न केवल एकजुट हैं बल्कि पुतिन की हरकतों से फिनलैंड और स्वीडन को नाटों में शामिल होने की प्रेरणा मिली। यूक्रेन को रूस ने न केवल कमजोर समझा बल्कि यह झूठी धारणा भी बना ली कि पश्चिमी देश एकजुट नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साझा बयान से युध्द को एक नए अंजाम पर पहुंचाने की संभावनाओं को बल मिलता है। अमेरिका-यूक्रेन इसे रिश्तों का ऐतिहासिक पड़ाव भी बताते हैं और नतीजा युध्द के मैदान पर दिखाने का दम भी भरते हैं। बाइडेन जोखिम भरी यात्रा पूरी होने के बाद दुनिया को पता चलना बहुत बड़ी सामरिक रणनीती और युध्द और भड़काने जैसा ही है। भले ही इस औचक दौरे से रूस चिढ़े, चीन की आँखें तने और प्रतिक्रियाएं भी दिखे लेकिन तीसरे विश्व युध्द सरीखे बड़े युध्द से इंकार की गुंजाइश नहीं दिखती। रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का कहना है कि लगातार नाजी खतरों के चलते वहां के लोगों के खातिर यूक्रेन में खास कार्रवाई कर रहा है। बड़ी चतुराई से भारत का नाम लेकर पुतिन ने दोस्ती का बिना कहे दम भी भरा बल्कि ईरान, चीन, पाकिस्तान जैसे देशों से आर्थिक संबंधो बढ़ाने के लिए नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर विकसित कर हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र पर जोर दिया। पुतिन ने अमरीका और सहयोगियों पर बुनियादी समझौते से हटने और झूठे बयानों का आरोप लगाते हुए पश्चिम को ही युध्द अपराधी बताते हुए खुद की सेना को युध्द रोकने के खातिर झोंकना बता कर साफ कर दिया कि जल्द युध्द की समाप्ति अब असंभव है। पुतिन ने परमाणु संधि को भी निलंबित करने की घोषणा कर दो टूक जवाब दिया कि यदि अमरीका परमाणु हथियारों को परीक्षण करेगा तो वह चुप नहीं बैठेगा। इसके बाद अमेरिका-रूस के बीच 2010 में हुई संधि जो 2021 में 5 साल और बढ़ाई गई थी बेमायने हो गई। मतलब साफ है कि घातक और नए दौर के उन्नत तथा दूर तक मार करने वाले हथियारों के उपयोग से युध्द नए मोड़ पर होगा। बाइडेन का बतौर राष्ट्रपति यूक्रेन का यह भले ही पहला और चौंकाने वाला दौरा हो लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उप-राष्ट्रपति रहते हुए पहले भी 6 बार यूक्रेन हो आए हैं।

अब युध्द जल्द रुकने वाला नहीं और इससे भी इंकार नहीं कि कब तीसरे विश्व युध्द में बदल जाए? अब सबकी निगाहें चीन पर हैं जो देर-सबेर खुलकर रूस के साथ दिखेगा। ऐसे में भारत, पाकिस्तान और दूसरे एशियाई देशों पर दुनिया की निगाहें हैं।

# सेवा मंदिर बनाम मेवा मंदिर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अस्पताल का** नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था। मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था। कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है झ क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे।

# एक प्रेमिका दो प्रेमी में एक प्रेमी की हुई हत्या

## तीन जनवरी की घटना की दर्ज हुई 21 फरवरी को रिपोर्ट

## पूर्व कोतवाल एके मिश्रा की लापरवाही हुई उजागर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक प्रेमिका और दो प्रेमी के बीच कुछ ऐसा हुआ कि एक प्रेमी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में प्रेमिका समेत हत्यारे प्रेमी को दबोचकर जेल भेजा है।

ये मामला है कोतवाली कर्वी के बरवारा गांव का। बताया गया कि कोतवाली कर्वी में निखिल पटेल (22) पुत्र लखपत सिंह तीन जनवरी को घर से लापता हो गया था। इस बाबत आठ फरवरी को कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी दर्ज करने में पुलिस ने भारी लापरवाही बरती थी। 21 फरवरी को गुमशुदगी को तरमीम कर अपहरण के मामले में कमल पुत्र धर्मजीत उपाध्याय व शनि पुत्र पप्पू डॉक्टर निवासी बरवारा को नामजद किया था। पुलिस ने कृपाशंकर उपाध्याय उर्फ कमल पंडित पुत्र धर्मजीत की निशानदेही पर नहर किनारे बांस कोठी के नीचे गड्ढे से निखिल का शव बरामद किया। पूंछताछ में कमल पंडित ने बताया कि गांव की सीमा वर्मा से पहले निखिल पटेल के नाजायज सम्बन्ध थे। बाद में उसके भी सीमा से सम्बन्ध हो गये। तीन जनवरी की रात 11 बजे सीमा गांव के बाहर मानसिंह के खेत में थी, वहां निखिल के पहुंचने पर सीमा ने उसे फोन कर बुला लिया। निखिल के नशे में होने के चलते दोनों ने निखिल की हत्या कर दी।



बांस की कोठी में गहरा गड्ढा खोदकर चार जनवरी की रात एक बोरी नमक डालकर निखिल को दफना दिया। निखिल का फोन दफनाते समय गड्ढे में गिर गया था। पुलिस ने निखिल का शव व फोन गड्ढे से बरामद कर मामले को हत्या व सबूत नष्ट करने के मामले में तरमीम कर लिया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस टीम में कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह, निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, दरोगा राधेश्याम सिंह, दरोगा सदानन्द सिंह, दरोगा मुन्नीलाल, दरोगा विनय विक्रम सिंह, दीवान फरजन्द अली, सिपाही वीरपाल, दीपांकर सिंह, रोशन सिंह, रोहित सिंह, बहोरन सिंह, गौरव यादव, शिवम राजपूत, धीरेन्द्र किशोर, महिला सिपाही स्वाती, प्रीती दीक्षित, रचना यादव व पूजा सिंह शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि एफआईआर देर से लिखने पर पूर्व कोतवाल एके मिश्रा के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं। दरोगा राधेश्याम सिंह को निलम्बित कर दिया गया है।

# माकपा ने किसानों को बताई बजट की हकीकत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माकपा सचिव मंडल के सदस्य का राजाराम ने परसौंजा गांव में किसानों के बीच जिस केन्द्रीय बजट की तारीफ में गोदी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा जो खबरें न दिखाकर सिर्फ और सिर्फ विज्ञापन दिखाता है, तारीफों के रात-दिन पुल बांध रहा है। अंधभक्तो की भीड़ जगह जगह जहर फैला रहे हैं कि हकीकत जानने को पिछले बजट से जो इसी सरकार ने पेश किया था तुलनात्मक अध्ययन कीजिए, तस्वीरें स्वतः साफ हो जाएंगी।



शुक्रवार को माकपा सचिव मंडल सदस्य का राजाराम ने जिले के परसौंजा गांव में किसानों के बीच मोदी सरकार के बजट की हकीकत बताई। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को पिछले साल और इस साल के बजट के कुछ आंकड़े खुद बता रहे हैं कि बजट पूंजीपतियों के हित को ध्यान में रखकर तथा मजदूर, किसान, नौजवान विरोधी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा का पिछले साल का आवंटन 89000 करोड़ रुपए था। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए सिर्फ 60000 करोड़ रुपए है। ग्रामीण विकास क्षेत्र में कृषि बजट 124000 करोड़ से घटाकर 115531 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पिछले साल 15550 करोड़ रुपए से घटाकर इस वर्ष सिर्फ 13625 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। फर्टिलाइजर सब्सिडी पिछले साल 225000 करोड़ रुपए थी। जो इस वर्ष घटाकर 175000 करोड़ रुपए कर दी गई। अर्थात 50000 करोड़ रुपए की कटौती होगी। इसका मतलब है कि रासायनिक खाद के दाम में भारी-भरकम बढ़ोत्तरी होगी। कामरेड ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 10433 करोड़ से घटाकर 7150 करोड़, ग्रामीण रोजगार के लिए 153525 करोड़ से घटाकर इस वर्ष 101174 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। किसान सम्मान निधि में 60000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जबकि वास्तविक जरूरत 72000 करोड़ रुपए होगी। इसी प्रकार-प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में पिछले वर्ष के अनुमान 21954 करोड़ रुपए से घटाकर इस वर्ष 10787 करोड़ रुपए ही आवंटित किए गए। उन्होंने साथियों से कहा कि केन्द्रीय सरकार के इस अन्याय पूर्ण बजट के खिलाफ केन्द्रीय कमेटी के आवाहन पर 22 से 28 फरवरी तक पूरे एक सप्ताह गांव-गांव बैठक करके जनता को बजट की हकीकत बनाने का निर्णय माकपा जिला कमेटी ने लिया है। गांव-गांव किसान-मजदूर गोष्ठी कर अन्तिम दिन 28 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर अन्याय पूर्ण आवंटन को वापस लेने की मांग करेंगे।

# जांचकर्ता ने अधिकारियों को भेजी झूठी रिपोर्ट

## बगरेही गांव की गाटा संख्या 353 सरकारी भूमि में हैं अवैध कब्जे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि गांवसभा के गाटा नम्बर 353 राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की बेशकीमती भूमि पर लोगों ने कब्जे कर रखे हैं। इन अवैध कब्जों पर बने मकानों को ध्वस्त कराकर गांवसभा की सरकारी भूमि कब्जेदारों से मुक्त कराई जाये।

शुक्रवार को मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव ने जांच के नाम पर पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही की है। शिकायतकर्ता



से सम्पर्क न कर झूंठी रिपोर्ट दी है। जांचकर्ता रमेश सिंह यादव ने गाटा संख्या 353 के अवैध अतिक्रमणकारियों के ही बयान लिए हैं। शिकायतकर्ता को बयान के लिए बुलाने की जरूरत नहीं समझी। जांचकर्ता ने भ्रामक रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

इस मामले में जांचकर्ता ने जांच रिपोर्ट के बिन्दु दस में अभिलेखीय साक्ष्य निल किया है। जबकि जिलाधिकारी ने राजस्व टीम के साथ जांच के स्पष्ट आदेश दिये थे। इन आदेशों की अवहेलना करते हुए जांचकर्ता ने राजस्व अभिलेखों में दर्ज अभिलेखों का अवलोकन किये बिना मनमानी ढंग से रिपोर्ट भेजी है। समाजसेवी गिरजेश मिश्र ने कहा कि गांवसभा की गाटा संख्या 353 बेशकीमती भूमि सरकारी अभिलेखों में बंजर के बतौर दर्ज है। इस भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जे कर मकान बना रखे हैं। इन मकानों को ध्वस्त कराकर गांवसभा की सरकारी भूमि अवैध कब्जे से मुक्त कराई जाये।

# डीएम ने औचक देखा बोर्ड परीक्षा व्यवस्था

## प्रकाश व्यवस्था ठीक करने के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज से संचालित इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा के संचालन का परम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवरामपुर एवं बैजनाथ भारद्वाज इंटर कॉलेज बेड़ीपुलिया का औचक निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने परम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवरामपुर के कक्ष संख्या 1, 2, 3, 4, 5 में संचालित परीक्षा की व्यवस्था का जायजा लिया। केंद्र व्यवस्थापक से कितने कक्षाओं पर परीक्षा संचालित की जा रही है कि जानकारी ली। उसके बाद श्री



बैजनाथ भारद्वाज इंटर कॉलेज बेड़ीपुलिया के निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या 5, 6, 7, 8 का निरीक्षण किया। जहां पर प्रकाश व्यवस्था कक्षाओं पर कम पाए जाने पर केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए कि तत्काल प्रकाश व्यवस्था बढ़ाई जाए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम तथा सीसीटीवी कैमरा के वॉइस रिकॉर्डर रूमों को देखा। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा के रिकॉर्डर पर फोकस कम आ रहा है, उन केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दे कि वह तत्काल सही कराएं।

निरीक्षण दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप समेत संबंधित अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# फटाफट खबरें

## जिला मुख्यालय में बडे पैमाने पर चल रहा सेक्स रैकेट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पूर्व विधायक के घर के आगे आसपास जिले में बडे पैमाने पर सेक्स रैकेट चल रहा है। सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला कल्पना पाण्डेय का वीडियो व सेक्स रैकेट में शामिल लडकियों की पूरी फोटो मिली है। सेक्स रैकेट में जिस क्यूआर कोड से धनराशि ली जाती है, उसकी भी फोटो प्राप्त हुई है।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय में बडे पैमाने पर सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि मुख्यालय के पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल के आगे गली के आसपास कहीं कल्पना पाण्डेय नाम की महिला सेक्स रैकेट का संचालन कर रही है। संचालनकर्ता महिला की फोटो व रैकेट में शामिल लडकियों की फोटो के साथ क्यूआर कोड भी मिला है। सेक्स रैकेट संचालनकर्ता महिला छोटी-छोटी मासूम बच्चियों को इस गोरखधंधे में धकेल रही है।

जिले की संवेदनशील पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से लोगों ने मांग किया है कि इस सेक्स रैकेट का भंडाफोड कर इसमें शामिल मासूम बच्चियों को इस दलदल से निकाला जाये। सेक्स रैकेट की सभी फोटो व क्यूआर कोड सबकुछ इस संवाद्दाता के पास है।

## 27 को होगा रोजगार मेला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य बीके तिवारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के पत्र के क्रम में 27 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्रकूट में रोजगार मेला होगा।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में सुजुकी मोटर्स गुजरात प्रालि से व्यवसाय वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मशीनिस्ट, पेन्टर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक के 2017 से 2022 तक उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार होना है। हिस्सा लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 24 वर्ष (23 वर्ष 11 माह तक) होनी चाहिए। इस रोजगार मेले में केवल पुरूष प्रशिक्षार्थी हिस्सा ले सकते हैं।

हिस्सा लेने को आधार कार्ड या अन्य सरकारी पहचान पत्र, हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट एवं आईटीआई अंक पत्र व प्रमाण पत्र तथा तीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ मौजूद रहे। प्लेसमेन्ट से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए आईटीआई के प्लेसमेन्ट प्रभारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## तीन को हुआ आजीवन कारावास, 30-30 हजार का हुआ जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अदालतों में चल रहे मुकदमों के मामले में पुलिस के सघन पैरवी के नतीजतन हत्या के तीन लोगों को आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया गया।

ज्ञात है कि सात जनवरी 2020 को मृतका ललता देवी की सास मल्ही देवी से बंटवारे को लेकर खासा विवाद हुआ था। उसी के चलते ससुरालीजनों ने ललता देवी के साथ मारपीट की थी। सात अगस्त 2020 की रात घर में जान से मारकर शव को गांव के बाहर कुंए में लटका दिया था। इस बाबत मृतका के भाई की तहरीर पर मऊ थाने में हत्या व सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज हुआ था।

इस मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुआ। थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह व पैरोकार आनन्द कुमार ने गवाहों की समय से पेशी कराई। फौजदारी अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने प्रभावी बहस पेश की। अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या एक ने आरोपी मल्ही देवी पत्नी स्व मोतीलाल, शोभालाल पुत्र स्व मोतीलाल निवासी छिवली थाना मऊ व कुसुमकली उर्फ भुजंगी पत्नी राजाराम उर्फ राजा निवासी सोती का पुरवा थाना राजापुर को आजीवन कारावास व तीस-तीस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

## श्री चित्रकूट धाम 84 कोसीय परिक्रमा का हुआ शुभारंभ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों से स्थापित सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के श्री रघुवीर मन्दिर (बड़ीगुफा) से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दस दिवसीय श्री चित्रकूट धाम चैरासी कोसीय परिक्रमा शुरू हुई। देश के विभिन्न प्रान्तों से आये साधु, संत, महन्त एवं श्रद्धालु बढ़-चढ़ के सम्मिलित हुए।

शनिवार को यह परिक्रमा प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से प्रारंभ होकर द्वादशी तक चलती है। इस वर्ष लगभग 900 यात्री इस परिक्रमा में शामिल हुए। जो पैदल चलकर भगवान राम की विहार स्थली श्री चित्रकूट धाम के चारो ओर कुल 84 कोस यात्रा कर वापस रघुवीर मन्दिर पधारेंगे।

परिक्रमा का आरंभ रघुवीर मन्दिर से चित्रकूट के पूज्य संतों एवं श्री सदगुरु ट्रस्ट रघुवीर मन्दिर कर कार्यकताओं ने विधि-विधान पूर्वक पूजन के साथ रवाना किया। यह परिक्रमा रघुवीर मन्दिर से स्फटिक शिला, टाठी घाट, सती अनुसूइया आश्रम, गुप्त गोदावरी, मड़फा पहाड़, भरतकूप, कर्वी, गणेश बाग, कोटतीर्थ देवांगना, हनुमान धारा, रामघाट होते हुए पुनः रघुवीर मन्दिर पधारेगी जहां सभी यात्रियों का स्वागत सत्कार एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## 26 को होगा बौद्ध महासम्मेलन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक कैलाश बौद्ध ने बताया कि 26 फरवरी को पटेल उत्सव भवन कर्वी में राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन होगा।

शुक्रवार को राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक कैलाश बौद्ध ने बताया कि पहली बार तथागत गौतम बुद्ध के सिद्धान्त, अहिंसा, करुणा, शान्ति एवं सद्भावना पर आधारित बौद्ध सम्मेलन किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-प्रदेश के कई प्रोफेसर, हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट-चिन्तक-विचारक आ रहे हैं।

उन्होंने बौद्ध महासम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा लोगों से पहुंचने की अपील की है।

## महाराष्ट्र पुलिस का मिजार्मुराद में छापा

**कछ्वांरोड। मिजार्मुराद** थाना क्षेत्र खोचवां गांव में गुरुवार की दोपहर मुम्बई पुलिस छापा मारी।महाराष्ट्र के पुलिस स्टेशन बल्लारपुर से आये एसआई हीरानन्द गव्हारे व कांस्टेबल रणविजय सिंह व शरदचन्द कारुस मिजार्मुराद थाने पहुंचे।

मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक रणावत ने बताया की खोचवां गांव का लालबहादुर उर्फ जुगनु श्यामबलि जयस्वार 2012 में हुई हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त है। उसकी गिरफ्तारी हेतु मदद मांगे जिस पर थाने के एसआई रामजीत सिंह पटेल के साथ महाराष्ट्र पुलिस ने अभियुक्त के घर दबिश दी लेकिन अभियुक्त नही मिला जिस पर महाराष्ट्र पुलिस वापस लौट गई।

## किशोरी गायब , पांच के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद। क्षेत्र** के एक गांव की नाबालिक किशोरी मंगलवार को घर से गायब हो गई।परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन किशोरी का कही भी पता नही चला तो किशोरी के पिता ने मिजार्मुराद थाने पहुंच पांच लोगों के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर शादी करने के लिए भगा ले जाने की तहरीर दिए।

मिजार्मुराद पुलिस ने तहरीर के आधार पर उदल पटेल, इंदल पटेल, कौशल कुमार व सुजीत कुमार निवासीगण कल्लीपुर थाना मिजार्मुराद व गोलू पटेल निवासी घमहापुर थाना लोहता के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस किशोरी के तलाश में जुट गई।

## डॉक्टर की हत्या में शूटर सहित 2 अरेस्ट, भांजी का पति निकला मास्टरमाइंड

**गाजियाबाद, । गाजिया**बाद के कस्बा मुरादनगर में 11 फरवरी को हुई डॉक्टर शमशाद की हत्या का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। मुख्य शूटर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार हैं। पुलिस का दावा है कि डॉक्टर की रिश्ते में लगने वाली भांजी के पति ने उसका कत्ल कराया था। वजह थी कि पारिवारिक विवाद में डॉक्टर का दखल देना। दूसरे पक्ष को यही बात नागवार गुजरी। कस्बा मुरादनगर के मोहल्ला आर्यनगर में डॉक्टर शमशाद का क्लीनिक है। इस क्लीनिक पर 11 फरवरी की रात साढ़े 10 बजे कुछ हमलावरों ने डॉक्टर की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। डीसीपी रवि कुमार ने बताया कि इस मामले में मुरादनगर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने दो आरोपी पकड़े हैं। इनकी पहचान उवैश पुत्र वकील कुरैशी और मोहम्मद उवैश पुत्र ग्यासुद्दीन कुरैशी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं। डॉक्टर को गोली उवैश के द्वारा मारी गई थी। हत्या में प्रयुक्त पिस्टल और स्कूटी बरामद कर ली गई है।

डीसीपी ने बताया कि मृतक डॉक्टर शमशाद की मौसरी बहन की बेटी समरीन की कोर्ट मैरिज करीब 4 महीने पहले मेरठ निवासी अदनान से हुई थी। इसके बाद बिरादरी की पंचायत हुई और उसमें निकाह पढ़ा गया। समरीन इस निकाह से खुश नहीं थी। निकाह के कुछ दिन बाद ही दंपति में विवाद रहने लगा। इस पर समरीन मोदीनगर में अपनी सहेली के यहां आकर रहने लगी। उसने पति अदनान के खिलाफ धमकी देने का मुकदमा थाना मोदीनगर में दर्ज करा दिया। इधर, अदनान ने पुलिस में शिकायत कर दी कि समरीन घर से साढ़े आठ लाख रुपए के जेवरात ले गई है। दोनों तरफ की शिकायतों पर दंपति में मतभेद और ज्यादा बढ़ गया। इसी बीच इस विवाद में डॉक्टर शमशाद की एंट्री हो गई। डॉक्टर शमशाद ने अपनी भांजी समरीन का पक्ष लिया और कहा कि ये ऐसे ससुराल नहीं जाएगी। अदनान ने तभी डॉक्टर शमशाद के मर्डर की प्लानिंग बना ली थी। पुलिस ने बताया कि अदनान ने इस हत्याकांड की प्लानिंग मेरठ में बनाई और वहीं के शूटर हायर किए थे। दो दिन बाद डॉक्टर के घर की रैकी की गई और फिर वारदात को अंजाम दिया गया। इस हत्याकांड में मास्टरमाइंड अदनान सहित सौरभ उर्फ निखिल, वसीम उर्फ लंबू, नौखेज, फैसल अंसारी आदि शामिल रहे। पुलिस अब इनकी तलाश में दबिश दे रही है।

## ज्ञान को बांटना ही जीवन की सच्ची सार्थकता : अमित सिंह

**अयोध्या। ज्ञान को** बांटना ही जीवन की सच्ची सार्थकता है। उक्त विचार स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर शिक्षक अनूप मल्होत्रा के द्वारा स्थापित स्काउट लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर जिला मुख्यालय एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार ने व्यक्त किए। समूचे उत्तर प्रदेश में जनपद अयोध्या में ही स्काउट के साहित्य को एक जगह उपलब्ध कराने का यह नवाचार अपने आप में अद्वितीय है । श्री मल्होत्रा ने इस बारे में बताया कि उपनिदेशक( स्काउट ) लीडर ट्रेनर श्री एसएस रॉय एवं प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव की प्रेरणा से यह स्काउट लाइब्रेरी जनपद अयोध्या में स्थापित की गई है। जिसका लाभ स्काउट गाइड के बच्चों को तो मिलेगा ही, साथ ही साथ उनके अध्यापकों को भी स्काउट की बारीकियां सीखने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मौजूद स्काउट गाइड अध्यापकों ने स्काउटिंग साहित्य का अवलोकन किया और इस भागीरथ प्रयास की सराहना की। इस मौके पर जिला सचिव राकेश कुमार गुप्ता, विनोद कुमार मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष गिरीश चंद्र वैश्य, आलोक तिवारी, नगर स्काउट मास्टर दीप सहाय, तहसीन बानो, जिला गाइड कैप्टन निधि महिंद्रा, राजेंद्र वर्मा, मुकेश साहू ,ललित रंजन भटनागर ,वंदना पांडेया, बृजेंद्र कुमार दुबे, रामविलास, जितेंद्र कुमार ,रामबाबू, संगीता चौरसिया सहित कई शिक्षक प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## एनईपी 2020 के तहत प्रायोगिक परीक्षा नीति लागू करने की मांग

**अयोध्या। स्ववित्त** पोषित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रायोगिक परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से लिए गए निर्णय को लागू किये जाने के सम्बन्ध में अवध विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत प्रायोगिक परीक्षा के लिए लिया गया निर्णय महाविद्यालयों एवं शिक्षकों के हित में है।

इस व्यवस्था के द्वारा पहली बार स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रायोगिक परीक्षाओं में किये जाने वाले शोषण से मुक्त होने की उम्मीद जगी है।

## चीन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, यूक्रेन में हथियार भेजने से नहीं आएगी शांति

**वांशिगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में यूक्रेन को लेकर चीन ने कहा कि पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन में हथियार भेजने से शांति नहीं आएगी। यूक्रेन संकट को लेकर बुलाए गए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के विशेष सत्र में चीन ने परमाणु युद्ध को लेकर आगाह किया। चीन ने कहा कि यूक्रेन संकट अभी भी बढ़ रहा है। हम इससे बहुत चिंतित हैं। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, परमाणु युद्ध नहीं लड़ा जा सकता। अमेरिकी और उसके सहयोगी देशों पर निशाना साधते हुए चीनी प्रतिनिधि ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की पहल करनी चाहिए। हथियार भेजने से शांति नहीं आएगी। हम एक बार फिर दोहराते हैं कि कूटनीति और बातचीत से ही संकट का समाधान किया जा सकता है। यूक्रेन संकट पर इससे मुंह मोड़ नहीं सकते हैं। चीन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आग की लपटों से खेलने और स्वार्थ की तलाश करने के बजाय शांति वार्ता के लिए परिस्थितियां बनानी चाहिए।

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली प्रधानमंत्री प्रचंड के प्रति हुए आक्रामक

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के प्रति आक्रामक हो गए हैं। राष्ट्रपति पद के मुद्दे पर सत्ताधारी गठबंधन टूटने की कगार पर है। पूर्व प्रधानमंत्री ओली ने अपने जन्मदिन पर प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार के फैसले की खुले तौर पर आलोचना की है। ओली ने इस बात पर नाराजगी जताई कि सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित कर जनयुद्ध दिवस मनाया। उन्होंने जनयुद्ध को हिंसा दिवस बताते हुए कहा कि इसको राष्ट्रीय दिवस के रूप में कैलेंडर में अवकाश घोषित किए जाने का प्रचंड सरकार का फैसला दुखद है। ओली ने कहा कि हिंसा थमने के बाद भी माओवादी अब भी वैसे ही हैं। प्रचंड सरकार ने 01 फरवरी को माओवादी सशस्त्र गतिविधियों की शुरुआत के दिन को जनयुद्ध दिवस घोषित करते हुए कैलेंडर में अवकाश के रूप में चिह्नित करने का निर्णय लिया था। प्रचंड सरकार के इस फैसले के कई दिनों बाद अब ओली ने इसका सार्वजनिक रूप से विरोध किया है। इस मुद्दे पर सीपीएन (यूएमएल) अध्यक्ष ओली का विरोध काफी मायने रखता है।



पिछले कुछ समय से राष्ट्रपति पद के मुद्दे पर ओली का प्रचंड से टकराव बढ़ता ही जा रहा है। ओली की आक्रामकता को देखकर इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि अब सत्तारूढ़ गठबंधन टूट जाएगा। उल्लेखनीय है कि नेपाल में राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन 25 फरवरी को होगा। इस पद पर एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में 09 मार्च को मतदान होगा।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस-आतंकी भिड़ंत, छह आतंकी मार गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकियों के बीच भिड़ंत हुई। पुलिस ने छह आतंकी मार गिराए। पाकिस्तानी तालिबान के रूप में चर्चित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान लगातार पाकिस्तान में आंतकी हमलों को अंजाम दे रहा है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मरवत जिले में इन आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिली थी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, आतंकी जिले में अब्बासा खट्टक पुलिस चौकी पर हमले की योजना बना रहे थे। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पहले भी पाकिस्तानी सेना एवं पुलिसकर्मियों पर हमले करता रहा है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पाकिस्तानी तालिबानी आतंकियों के कई हमले झेल चुका है। इन आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर पाकिस्तान के आंतकवाद रोधी विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर आतंकियों को चुनौती दी। सुरक्षा दस्ते के धावा बोलने पर आतंकियों की ओर से भी गोलीबारी शुरू कर दी गयी। दोनों ओर से काफी देर गोलीबारी के बाद आतंकियों के हौसले पस्त पड़ गए। पुलिस के मुताबिक इस भिड़ंत में छह आतंकी मारे गए हैं। मारे गए आतंकियों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। आतंकवाद रोधी विभाग ने पूरे क्षेत्र में खोजबीन अभियान भी शुरू कर दिया है।



# संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन पर प्रस्ताव, मतदान प्रक्रिया से भारत समेत 32 देश रहे दूर

**संयुक्त राष्ट्र।** यूक्रेन में शांति बहाली को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाए गए एक प्रस्ताव की मतदान प्रक्रिया में भारत शामिल नहीं हुआ। भारत ने सवाल किया कि क्या यूक्रेनी संघर्ष के एक साल बाद रूस और यूक्रेन दोनों के लिए दुनिया 'संभावित समाधान के पास कहीं भी' थी। भारत के साथ 32 देश मतदान प्रक्रिया में अनुपस्थित रहे। इनमें चीन भी शामिल है। 193 सदस्यीय महासभा में प्रस्ताव के पक्ष में 141 और विरोध में सात मत पड़े। प्रस्ताव का शीर्षक 'यूक्रेन में एक व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति' है। यूक्रेन पर इस आपातकालीन विशेष सत्र में महासभा पिछले एक साल में छह बार मिल चुकी है। उल्लेखनीय है कि रूस ने पिछले साल 24 फरवरी यूक्रेन पर आक्रमण किया था। आज इस युद्ध के एक साल पूरे हो गए। इस एक साल के दौरान संयुक्त राष्ट्र की महासभा,




सुरक्षा परिषद और मानवाधिकार परिषद में यूक्रेन पर रूसी हमले की कई बार निंदा की गई और यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है-'जैसा कि महासभा यूक्रेनी संघर्ष के एक वर्ष को चिह्नित करती है, यह महत्वपूर्ण है कि हम खुद से कुछ प्रासंगिक प्रश्न पूछें। क्या हम दोनों पक्षों को स्वीकार्य संभावित समाधान देने के करीब हैं? क्या कोई भी प्रक्रिया, जिसमें दोनों पक्षों में से कोई भी शामिल नहीं है, कभी भी एक विश्वसनीय और सार्थक समाधान की ओर ले जा सकती है? क्या संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, और विशेष रूप से इसका प्रमुख अंग, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, 1945 के विश्व निर्माण के आधार पर, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए समकालीन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अप्रभावी नहीं हो गया है?

कंबोज ने कहा कि भारत, यूक्रेन के हालात पर चिंतित है। नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले की खबरें भी बहुत चिंताजनक हैं। उल्लेखनीय है कि भारत, यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों से दूर रहा है और लगातार संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की आवश्यकता को रेखांकित करता रहा है। भारत ने यह भी आग्रह किया है कि शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाएं। कंबोज ने कहा कि भारत का मानना है कि मानव जीवन की कीमत पर कभी भी कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान 'यह युद्ध का युग नहीं हो सकता है' को रेखांकित करते हुए कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है।

# यूएन में भारत बोला- पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह:कहा- हमें उकसाने का फायदा नहीं, अपने गिरेबां में झांककर देखें

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की आपातकालीन बैठक में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है। इंडियन काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा कि भारत पाकिस्तान के उकसावे में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पहले अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। उनका देश आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह है। ऐसे में भारत को उकसाना बेहद निराश करने वाला है। दरअसल, पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम के तीन महीने पहले रूस-यूक्रेन युद्ध की तुलना भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे जम्मू-कश्मीर विवाद से की थी। प्रतीक ने इसी पर स्थिति साफ की। प्रतीक, न्यूयॉर्क में यूनाइटेड नेशनल जनरल असेंबली के 11वें इमरजेंसी सेशन के दौरान बोल रहे थे।

**1. पहले दिए जवाबों को जाकर देखें:** मैं यह कहने सामने आया हूं कि भारत इस बार पाकिस्तान के उकसावे का कोई जवाब नहीं देगा। पाकिस्तान के प्रतिनिधि को मेरी सलाह है कि वे पहले राइट ऑफ रिप्लाय के तहत दिए गए हमारे पिछले जवाब देखें।

**2. आतंकियों के लिए जन्नत है पाकिस्तान:** पाकिस्तान अपने आप को देखे और अपने ट्रैक रिकॉर्ड को देखे। वह ऐसा देश है जो आतंकवादियों को शरण देता है। उन्हें सुरक्षित पनाह देता है। वैश्विक आतंकवादी घोषित होने के बाद भी वहां उन्हें सजा नहीं मिलती।




**3. कलह को हल करने का रास्ता केवल शांति:** भारत को उकसाना बेहद निराशाजनक और गलत है। खास तौर पर तब, जब दो दिनों की चर्चा के बाद, हम सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि संघर्ष और कलह को हल करने के लिए शांति ही एकमात्र रास्ता हो सकता है।

**जानिए भारत को क्यों करना पड़ा राइट ऑफ रिप्लाय का इस्तेमाल**

संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन पर ह महासभा के प्रस्ताव पर इमरजेंसी स्पेशल सेशन बुलाया। इस दौरान वोट की व्याख्या करते हुए पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने जम्मू-कश्मीर का मसला उठाया था। मुनीर ने रूस-यूक्रेन युद्ध की तुलना भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे जम्मू-कश्मीर विवाद से की थी।

हालांकि इसके बाद भारत की स्थायी सदस्य रूचिरा कम्बोज ने पाकिस्तान की इस बेसिर-पैर की टिप्पणी की निंदा की थी और संयुक्त राष्ट्र के मंच का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। अब भारत ने अपने राइट ऑफ रिप्लाय का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के उसी तुलनात्मक कमेंट पर फटकार लगाई।

## संरा महासचिव की रूस से यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की अपील

**यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। यह कई समस्याओं को पैदा करता है। उन्होंने रूस से यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की अपील की है। यह अपील उन्होंने यूक्रेन पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आपात सत्र में की। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को इस युद्ध का साल पूरा हो गया।

गुटेरेस ने कहा कि यूक्रेन के लोग पिछले एक साल से तमाम तरह की समस्याएं झेल रहे हैं। अब यूक्रेन, रूस और बाकी दुनिया के लोग शांति चाहते हैं। इस समय जबकि यूक्रेन में युद्ध चल रहा है तब दुनिया को संयुक्त राष्ट्र की मान्यताओं और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रविधानों का पालन करते हुए शांति स्थापित करने के लिए प्रयास करने चाहिए। यूक्रेन में युद्धविराम इसलिए भी जरूरी है क्योंकि लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से तमाम विकृतियां पैदा हो जाती हैं जिनका असर दशकों तक रहता है। उधर, जी7 देशों के वित्त मंत्रियों ने यूक्रेन के लिए इस समूह की ओर से आर्थिक सहायता बढ़ाकर 39 अरब डॉलर करने की घोषणा की और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मार्च तक इस देश को नया वित्तीय पैकेज देने का आह्वान किया। जी7 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों ने रूसी हमले के एक साल पूरा होने की पूर्व संध्या पर यूक्रेन की आर्थिक स्थिति को लेकर चर्चा की। इस बैठक में यूक्रेन के वित्त मंत्री सर्गिई मार्चेंको ने डिजिटल माध्यम से हिस्सा लिया। जी 7 में फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, कनाडा, जापान और अमेरिका शामिल हैं।

# 10 मिनट विलंब की सजा: सात घंटे हवा में रहकर भी गंतव्य तक नहीं पहुंच सके 335 विमान यात्री

**टोक्यो।** हवाई जहाज की यात्रा में दस मिनट का विलंब कितना महंगा पड़ सकता है, इसका एहसास जापान के उन 335 यात्रियों को हुआ, जो सात घंटे हवा में रहने के बाद भी गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। जापान के फकुओका हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति न मिलने के कारण इस विमान को वापस लौट कर ओसाका हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा। जापान की प्रमुख विमानन कंपनी जापान एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या जेएल331 ने टोक्यो के हानेडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। इस विमान को फुकुओका हवाई अड्डे पर उतरना था। 335 यात्रियों को लेकर यह विमान फुकुओका हवाई अड्डे तक पहुंच तो गया, किन्तु दस मिनट का विलंब भारी पड़ गया। दरअसल, फुकुओका हवाई अड्डे



पर रात दस के बाद विमान उतारने की अनुमति नहीं मिलती है। इसके बाद वहां विमान सेवाओं के लिए कर्फ्यू लागू हो जाता है। दस मिनट विलंब हो जाने के कारण फुकुओका पहुंचने तक दस बज चुके थे। वहां समय पूरा हो जाने और ज्यादा विमानों के चलते इस विमान को फुकुओका में उतरने की अनुमति नहीं मिली और इसे वापस लौटना पड़ा। फुकुओका में वापस न लौट पाने पर निकट के ही कितकयुशु शहर में विमान को उतारने का प्रयास किया गया, किन्तु वहां यात्रियों को ले जाने के लिए बस उपलब्ध नहीं थी। कितकयुशु में भी विमान न उतर पाने पर जापान के विमानन अधिकारियों ने विमान को वापस टोक्यो ले जाने का फैसला किया। इसके बाद विमान टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे के लिए रवाना किया गया, किन्तु तभी विमान में ईंधन कम होने की जानकारी मिली। इस पर विमान को ओसाका हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया गया। इस दौरान विमान पर सवार 335 यात्री खासे परेशान रहे। सात घंटे तक हवा में रहने के बाद भी ये यात्री गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। उन्हें ओसाका में रुकवाया गया और फिर सुबह की फ्लाइट से फुकुओका भेजने की बात कही गयी।

# इजरायल से भारत का हवाई सफर हुआ आसान

**यरुशलम।** इजरायल से भारत का हवाई सफर अब आसान हो गया है। ओमान के अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने के निर्णय के बाद भारत आने में दो से चार घंटे की बचत होगी।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ओमोनी प्राधिकरण के



फैसले का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विमानन उद्योग के लिए 'महान दिन' बताते हुए ओमान के ऊपर उड़ान भरने के लिए इजरायली वाहकों के प्राधिकरण का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब इजरायल सीधे भारत से जोड़ेगा और एशिया और यूरोप के बीच इजरायल को मुख्य पारगमन बिंदु के रूप में स्थापित करने में भी मदद करेगा। नेतन्याहू ने कहा है सुदूर पूर्व बहुत दूर नहीं है और आसमान अब सीमा नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी 2018 की ओमान यात्रा का सुखद परिणाम अब आया है।

# रूस का यूक्रेन पर हमला: एक साल में तीन लाख से अधिक मौतें, लाखों लापता, दर्जनों तबाह शहर

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले का एक साल पूरा हो गया है। इस एक साल में तीन लाख से अधिक मौतें हुई और यूक्रेन के दर्जनों शहर तबाह हो गए हैं। इस दौरान लाखों की संख्या में लोग लापता और विस्थापन का दर्द झेलने को विवश हैं। युद्ध अभी भी जारी है और दोनों ओर से तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

24 फरवरी 2022 की सुबह अचानक यूक्रेन की राजधानी

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

दोनों तरफ के दो लाख से ज्यादा जवान व नागरिक लापता हैं। वहीं,



लाखों लोग लापता होने के साथ विस्थापन का दर्द सहने को विवश हैं। यूक्रेन पर हमले के बाद इन लोगों ने आसपास के देशों में शरण ली है। युद्ध ने 44 विदेशी नागरिकों की जान भी ली है, जिनमें एक भारतीय छात्र शामिल है। युद्ध में मारे गए विदेशियों में सर्वाधिक 12 नागरिक ग्रीस और आठ नागरिक अजरबैजान के हैं।

युद्ध के कारण यूक्रेन के दर्जनों शहर तबाह हो चुके हैं। इमारतें खंडहर में बदल गई हैं। रूस अब तक यूक्रेन के मैरियूपोल, दोनेत्स्क, खेरसॉन, लुहांस्क पर पूरी तरह से कब्जा कर चुका है। रूस ने माइकोलाइव और खारकीव पर भी कब्जा कर लिया था लेकिन बाद में यूक्रेनी सेना ने रूस को जोरदार टक्कर देते हुए इन दोनों राज्यों पर वापस कब्जा जमा लिया। अभी भी कई राज्यों में रूस और यूक्रेन के बीच आक्रामक युद्ध जारी है। नए शहरों पर कब्जा करने के साथ-साथ रूसी सैनिक अपने इलाकों की रक्षा में जुटी यूक्रेनी सेनाओं पर तोप से गोले बरसा रहे हैं। उन पर रॉकेटों से भी हमला हो रहा है। रूस इस वक्त दो तरफ से उत्तर में आइजम और पश्चिम में सेवेरदोनेत्स्क से हमला कर रहा है। रूसी हमले के विरोध में अमेरिका समेत दुनिया के कई देश यूक्रेन के साथ आ गए। अभी दुनिया के 80 से ज्यादा देशों से यूक्रेन को अलग-अलग तरह से मदद मिल रही है। इनमें 31 देश ऐसे हैं, जो यूक्रेन को घातक हथियार और मिसाइलें दे रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को ही यूक्रेन पहुंचे थे। यहां उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इसके अलावा ब्रिटेन, फ्रांस समेत कई अन्य देशों के राष्ट्रपति और राष्ट्राध्यक्ष भी यूक्रेन का दौरा कर चुके हैं।

इस युद्ध में अमेरिका समेत दुनिया के कई बड़े देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। इसी कड़ी में जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों ने यूक्रेन के लिए इस समूह की ओर से आर्थिक सहायता बढ़ाकर 39 अरब डॉलर कर दी है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मार्च तक इस देश को नया वित्तीय पैकेज देने का आह्वान भी किया ताकि उसे रूस के हमले के प्रभाव से निपटने में मदद मिल सके। जी-7 में फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, कनाडा, जापान और अमेरिका शामिल हैं।

# विश्व बैंक के प्रमुख के तौर पर बाइडेन ने भारतीय अमेरिकी बंगा को किया नॉमिनेट, हैरिस ने की तारीफ

**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने मास्टरकार्ड के पूर्व भारतीय अमेरिकी प्रमुख अजय बंगा को विश्व बैंक का प्रमुख के तौर पर नॉमिनेट किया है, व्हाइट हाउस ने इसकी घोषणा की।

यदि अमेरिकी सीनेट द्वारा पुष्टि की जाती है, तो बंगा विश्व बैंक का प्रमुख बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति होंगे। वह डेविड मालपास का स्थान लेंगे, जिन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा नियुक्त किया गया था। बंगा उस स्थिति में एशियाई-अमेरिकी मूल के दूसरे व्यक्ति होंगे; पहले डॉ. जिम योंग किम थे। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका का विश्व बैंक की अध्यक्षता और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पर यूरोपीय लोगों का अधिकार रहा है। बाइडेन ने एक बयान में कहा- अजय इतिहास के इस महत्वपूर्ण क्षण में



विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए विशिष्ट रूप से सुसज्जित हैं। उन्होंने सफल, वैश्विक कंपनियों के निर्माण और प्रबंधन में तीन दशक से अधिक का समय बिताया है, जो विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार सृजित करती हैं और निवेश लाती हैं, और मौलिक परिवर्तन की अवधि के दौरान संगठनों का मार्गदर्शन करती हैं। उनके पास लोगों और प्रणालियों को प्रबंधित करने और परिणाम देने के लिए दुनिया भर के वैश्विक नेताओं के साथ साझेदारी करने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जो भारतीय अमेरिकी हैं, उन्होंने एक बयान में कहा: अजय बंगा एक परिवर्तनकारी विश्व बैंक अध्यक्ष होंगे क्योंकि संस्था अपने मुख्य विकास लक्ष्यों को पूरा करने और जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए काम कर रही है। हैरिस ने कहा कि उन्होंने उत्तरी मध्य अमेरिका में प्रवासन के मूल कारणों के समाधान करने के लिए डिजाइन किए गए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के एक नए मॉडल पर बंगा के साथ काम किया है, जो एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी जो बाइडेन ने उन्हें इस क्षेत्र से अमेरिका में प्रवासियों के प्रवाह को रोकने के लिए सौंपी थी।

बंगा, जिनका जन्म भारत में हुआ था और दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज में पढ़े थे, वर्तमान में जनरल अटलांटिक में वाइस चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं। पहले, वह मास्टरकार्ड के अध्यक्ष और सीईओ थे। व्हाइट हाउस ने कहा कि अपने करियर के दौरान, बंगा प्रौद्योगिकी, डेटा, वित्तीय सेवाओं और समावेशन के लिए नवाचार में एक वैश्विक नेता बन गए हैं।

## पूल गेम में हारने वालों पर हंसना पड़ा भारी, खिलाड़ियों ने एक बच्ची समेत सात की गोली मार कर हत्या की

**ब्राजील।** ब्राजील के मातो ग्रोसो स्थित सिनोप शहर से गोलीबारी की एक दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पूल गेम में हारने वाले दो खिलाड़ियों ने गोलीबारी में सात लोगों की जान ले ली। मृतकों में एक 12 साल की लड़की भी शामिल है। बताया गया है कि यह खिलाड़ी पूल में लगातार दो गेम हार गए थे। इस दौरान उनके पास ही खड़े दूसरे खिलाड़ी हंसने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके बाद हारे हुए दोनों खिलाड़ियों ने आपा खो दिया और बंदूक लेकर गेम एरिया में घुस गए। इस घटना का जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें देखा जा सकता है कि एक हमलावर बंदूक के दम पर सभी शिकारों को पहले दीवार के पास लाइन से खड़ा करता है और उसका दूसरा साथी अपने ट्रक से शॉटगन लाकर उन्हें गोली मार देता है। इसके बाद दोनों मिल कर एक-एक कर सात लोगों की जान ले लेते हैं। गोलीबारी करने के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार भी हो गए। पुलिस का कहना है कि उन्होंने शूटरों की पहचान कर ली है, इनमें एक का नाम एडगर रिकार्डो डी ओलिविएरा है, जबकि दूसरे का नाम एजेकियास सूजा रिबेरो है। दोनों अभी फरार हैं। इनमें से एक हमलावर को पहले घरेलू हिंसा से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।